दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 309 | जयपुर | शुक्रवार, 13 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## सीपीआई(एम) महासचिव सीताराम येचुरी का निधन

### निमोनिया की वजह से दिल्ली एम्स में भर्ती थे; परिवार ने अस्पताल को बॉडी डोनेट की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने अस्पताल को सीपीआई(एम) नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे थे। वहीं, सीपीआई(एम) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी।'

**अस्पताल की तरफ से जारी बयान ...**

एम्स में रहते बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि दी थी येचुरी ने एम्स में भर्ती रहते हुए 22 अगस्त को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने 6 मिनट 15 सेकेंड के वीडियो संदेश में कहा था, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे एम्स से ही बुद्धो दा के प्रति भावनाएं प्रकट करना और लाल सलाम कहना पड़ रहा है। येचुरी ने 23 अगस्त को सोशल मीडिया एक्स पर जम्मू-कश्मीर में सीपीएम, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर पोस्ट किया था। 29 अगस्त को उन्होंने ङ्ग पर अब्दुल गफूर नूरानी के निधन पर शोक संदेश पोस्ट किया था।

## आधुनिकतम तकनीक और सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के साथ तैयार की जाएं नागरिक केंद्रित सेवाएं : राज्यवर्धन राठौड़



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरूवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आधुनिकतम तकनीक अपनाकर प्रदेश के नागरिकों के हित में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के साथ सेवाएं तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन सके। कर्नल राठौड़ ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित सभी ग्रुप हैड और प्रभारी अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि परिवर्तित बजट 2024-25 में विभाग से संबंधित घोषणाओं का समयबद्ध एवं त्वरित रूप से निष्पादन करें। आईस्टार्ट की समीक्षा करते हुए कर्नल राठौड़ ने कहा कि संभागीय स्तर पर बनाए जाने वाले इन्क्यूबेशन सेंटर को शीघ्रताशीघ्र इस तरह से स्थापित किया जाए कि उनमें सभी तरह के उपकरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों। एग्रीटेक, मेडिटेक इत्यादि के क्षेत्र में ऐसा वास्तवित रिसर्च सेंटर बनाया जाए जो देश में अग्रणी हो। राजस्थान संपर्क परियोजना की समीक्षा करते हुए कर्नल राठौड़ ने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली जाए जिससे आमजन को त्वरित रूप से राहत पहुंचाई जा सके। राजकिसान साथी परियोजना की समीक्षा करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने कहा कि यह सुविधा इस तरह तैयार की जाए जिसमें प्रदेश का हर किसान पंजीकृत हो और उसे केन्द्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलवाया जा सके।

# सीएम शर्मा ने जापान सरकार के मंत्रियों से मुलाकात की

### राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल , इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल, टूरिज्म, एनर्जी स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरूवार को जापान सरकार के मंत्रियों से बातचीत की और राजस्थान में निवेश को सुविधाजनक बनाने में जापान के निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इनमें अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग के संसदीय उप-मंत्री इशी ताकू और लैंड, इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट और पर्यटन मंत्रालय ) के संसदीय उप-मंत्री इशीबाशी रिंटारो के साथ हुई बैठकें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें दिसंबर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। जापानी कंपनियों के साथ व्यावसायिक सहयोग का विश्वास जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक व्हीकल , एनर्जी स्टोरेज, इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, केमिकल और पेट्रोकेमिकल्स, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता हैं और इनमें निवेश के अनेक अवसर मौजूद हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड, वाफाकू हॉस्पिटल्स एंड होम केयर ग्रुप, तोहो ग्रुप सहित अन्य प्रमुख जापानी फर्मों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की। होंडा मोटर के साथ हुई बैठक के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने राज्य में दी गई मौजूदा सुविधाओं, अवसरों और राजस्थान सरकार के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि राजस्थान उनके दीर्घकालिक और विस्तार योजनाओं में प्रमुख रूप से शामिल है।



### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 एक नजर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 का आयोजन आगामी 9, 10 और 11 दिसंबर को जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4 .5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किये गए थे। इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

# सेंसेक्स 83,116 और निफ्टी 25,433 के रिकॉर्ड हाई पर

### 1,439 अंक चढ़कर 82,962 पर बंद हुआ, निवेशकों की वेल्थ 6.40 लाख करोड़ बढ़ी


बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** सेंसेक्स 83,116 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। निफ्टी ने भी 25,433 का हाई बनाया। हालांकि बाद में ये दोनों इंडेक्स थोड़ा नीचे आए और सेंसेक्स 1,439 अंक (1.77%) चढ़कर 82,962 और निफ्टी 470 (1.89%) अंक चढ़कर 25,388 के स्तर पर बंद हुआ।

गुरुवार के कारोबार में मेटल, आईटी, ऑटो और बैंक शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी का मेटल इंडेक्स 2.91% चढ़कर बंद हुआ। ऑटो इंडेक्स 2.14% चढ़ा। आईटी में 1.60% और बैंक में 1.49% की तेजी रही। ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी 1.61% चढ़कर बंद हुआ।

**निवेशकों की वेल्थ लगभग 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ी**

शेयर बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों की वेल्थ लगभग 6.40 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। बीएसई का मार्केट कैप बुधवार को 4,60,76,150 करोड़ रुपए था जो आज यानी, 12 सितंबर को बढ़कर 4,60,76,150 करोड़ रुपए पहुंच गया।




**जापान का निक्केई 3.41% चढ़ा, चीन का बाजार गिरा**

रिलायंस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को सबसे ज्यादा चढ़ाया। जबकि, नेस्ले इंडिया गिरावट वाला इकलौता शेयर रहा, इसमें 0 .09% की गिरावट रही। एशियाई बाजार में जापान का निक्केई 3 .41% और कोरिया का कोस्पी 2 .34% चढ़ा। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग 0 .77% चढ़ा और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0 .17% की गिरावट रही। 11 सितंबर को अमेरिकी बाजार डाओ जोंस 0 .31% चढ़कर 40,861 के स्तर पर बंद हुआ।

## अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65 प्रतिशत पर पहुंची

### सब्जी महंगी, दाल सस्ती हुई; जुलाई में 5 साल के निचले स्तर 3.54% पर रही थी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सब्जियों के महंगे होने से अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65% हो गई है। जुलाई महीने में यह घटकर 3.54% पर आ गई थी। ये महंगाई का 59 महीने का निचला स्तर था। वहीं, खाद्य महंगाई दर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 2.98% से बढ़कर 3.14% हो गई। ग्रामीण महंगाई 4.10% से 4.16% पर पहुंच गई। अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% थी, अब 5.66% पर आई महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% रही थी। यानी, सालाना आधार पर भी ये घटी है। आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई अनुमान 4.5% रखा था हाल ही में हुई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर रखा था। यह पहले भी इतना ही था। आरबीआई गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोग्रेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो। महंगाई कैसे प्रभावित करती है? महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है? महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव से 6 दिन पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले : पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर रह रहे थे टेररिस्ट; 10 छोटे रॉकेट, 20 ग्रेनेड बरामद

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला। कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर



बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से एके-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले।

इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

# 8 देशों के एयरफोर्स चीफ ने उड़ाया एक-दूसरे का फाइटर जेट, 20 राष्ट्र ने किया ऑब्जर्व

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( नि.स. )।** भारतीय वायुसेना की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति 2024 जोधपुर के एयर फोर्स स्टेशन पर देखने को मिली। वायुसेना द्वारा आयोजित इस एयर एक्सरसाइज में भारत समेत आठ देश हिस्सा ले रहे हैं, जबकि 20 अन्य राष्ट्र इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ ने भी शिरकित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तरंग शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 से 14 सितंबर तक आयोजित डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेंसर, रडार, आदि क्षेत्र में



भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। आज के वक्त में जहां कई देश युद्ध कर रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है। दुनिया बदल रही है और नयी चुनौतियां सामने आ रही हैं, ऐसे में हमें अपनी साझेदारी, सहयोग का दायरा बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं, और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं।

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के दौरान आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में वायुसेना ने हैरतअंगेज करतब दिखा। भारत सहित आठ देशों के वायुसेना प्रमुखों ने एक-दूसरे के लड़ाकू विमान उड़ाए।

### मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं, जूनियर डॉक्टरों को न्याय नहीं कुर्सी चाहिए : ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के बाद जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में अब सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार हूं। मुझे मुख्यमंत्री पद की चिंता नहीं है। मुझे न्याय चाहिए, मुझे केवल न्याय की चिंता है। ममता ने कहा कि मुझे कुर्सी का मोह नहीं है। हत्या के बाद से डॉक्टरों ने हड़ताल कर दिया था। इसके बाद से आंदोलनकारी डॉक्टरों और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच गतिरोध गुरुवार को भी जारी रहा। सीएम ममता बनर्जी ने आंदोलनकारी डॉक्टरों के समूह को मिलने बुलाया था ।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# षष्टम् दिवस की कथा में श्री राम कथा के साथ-साथ अयोध्या के संतों एवम् विद्वान आचार्यों के हुए प्रवचन

## अयोध्या के संतों ने गृहस्थ जीवन में प्रभु भक्ति के महत्व पर दिया अमृतवाणि प्रवचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** षष्टम् दिवस की कथा में गुरुवार को विशेष आयोजन हुआ। श्री राम कथा के साथ-साथ अयोध्या के प्रमुख संतों और विद्वान आचार्यों ने भी प्रवचन दिए। वृंदावन निवासी पूज्यपाद शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज ने अपनी ओजस्वी और सारगर्भित वाणी से कथा को प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रीराम और सीता जी के विवाह के बाद का उल्लासपूर्वक चित्रण किया, साथ ही वन गमन, केवट नाव उतराई आदि महत्वपूर्ण प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। इसके अतिरिक्त, गुरुवार का प्रमुख आकर्षण अयोध्या धाम के प्रमुख संतों और विद्वान आचार्यों द्वारा भक्तों को दिए गए प्रवचन थे। इन प्रवचनों में गृहस्थ आश्रम में प्रभु भक्ति और शरणागति के महत्व को गहराई से समझाया गया। भक्तगण मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे और सनातनी परम्पराओं को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित हुए। इस प्रकार कार्यक्रम भक्ति और ज्ञान से परिपूर्ण रहा, जिसने सभी उपस्थित भक्तजनों को आत्मिक संतोष और प्रेरणा प्रदान की।













## असम विधान सभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति ने किया कुटीर, हस्तशिल्प व जैविक उत्पादों का अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिनांक 12/09/2024 दिन गुरुवार को राजस्थान राज्य सरकार के निमंत्रण पर आसाम विधान सभा की महिला एवं बाल कल्याण समिति की चेयरमैन व सदस्यों ने राजस्थान प्रवास के दौरान राजस्थान के जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र जयपुर के द्वारा कुटीर उद्योग, आर्टिजन्स एवं बुनकर सेवा केंद्र द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कराया गया । इस अवसर पर जिला उद्योग एवं व्यवसाय केंद्र, जयपुर शहर की संयुक्त आयुक्त व महाप्रबंधक शिल्पी आर पुरोहित ने बताया कि जैविक वन औषधीय पार्क में हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी के अंतर्गत विभिन्न आर्टिजन के उत्पाद व क्लस्टर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जय माता दी, रंगीलो राजस्थान, एकता समूह, श्याम व गुरु कृपा स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाये जा रहे कुटीर उद्योग व हस्तशिल्प के विभिन्न उत्पादों जैसे लाख व गाय के गोबर के चूड़े, कठपुतली, हस्त चित्रकारी के अनूठे उत्पाद, अचार, पापड़, गाय के गोबर के दीपक, गौकास्ट, मिलेट्स के खाद्य पदार्थ, बुनकर सेवा केंद्र में बन रहे हथकरघा उत्पादों व जैविक वन औषधीय पार्क में मौजूद 300 से अधिक औषधीय पादपों का अवलोकन व प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, जयपुर शहर की संयुक्त आयुक्त व जी0 एम0 शिल्पी राज पुरोहित, उपायुक्त सविता केजरीवाल, सहायक आयुक्त श्री बी0 आर0 चौधरी तथा जिला उद्योग एवम वाणिज्य अधिकारी कविता घोसल्या मौजूद रहे । साथ ही हस्थशिल्पी ज्योति व्यास सीईओ भीष्म लाइवलीहुड ट्रेनिंग काउंसिल , सुमन निदेशक एक अनोखी पहल मानव सेवा संस्थान , स्वीटी माथुर, वैशाली वसिष्ठ, अरुणा शर्मा इत्यादि हस्थशिल्पी मौजूद रहे । हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता व अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया ।

## अपहरण और हत्या की वारदात में फरार चल रहा इनामी आरोपित देहरादून से दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और हत्या की वारदात में फरार चल रहा पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपित को देहरादून (उत्तराखंड) से दस्तयाब कर मुहाना थाना पुलिस के सुपुर्द किया है। फिलहाल मुहाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने अपहरण और हत्या की वारदात में फरार चल रहा पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपित अंकित जाट निवासी पाटन जिला नीमका थाना को छह सौ किलोमीटर पीछा करते हुए देहरादून (उत्तराखंड) से पकडा है और फिर जयपुर लाकर मुहाना थाना पुलिस के हवाले किया है।

## बारहवीं क्लास के छात्र का अपहरण कर डेढ़ लाख रुपये की मांगी फिरौती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आदर्श नगर थाना में बारहवीं क्लास के एक छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि अपहरणकर्ता ऑटो रिक्शा में सवार होकर आए थे और मारपीट कर छात्र को उठा ले गए। इसके बाद आरोपितों ने अपहरण हुए छात्र के घरवालों को कॉल कर डेढ़ लाख रुपए की फिरौती मांगी। इधर अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर अपहरण हुए छात्र को सुरक्षित छुड़वा लिया,लेकिन अपहरण करने वाले आरोपित फरार हो गए,जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

# भव्य लवाजमें के साथ आज निकलेंगी वीर तेजाजी महाराज की ध्वज यात्रा

## ध्वज यात्रा में सैकड़ों की संख्या में होंगे श्रद्धालु शामिल, यात्रा का जगह-जगह किया जाएगा स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हर साल की भांति इस बार भी मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन श्री वीर तेजाजी महराज का विशाल मेले का आयोजन हो रहा है। इसके चलते आज शाम को भव्य लवाजमें के साथ वीर तेजाजी महाराज की ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यह ध्वज यात्रा सिविल लाइन्स जयपुर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौरव गुर्जर द्धारा निकाली जा रही है और इस ध्वज यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। साथ ही जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। जिसके चलते मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन वीर तेजाजी महाराज मंदिर में तृतीय ध्वज यात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया। इस



पोस्टर विमोचन के दौरान सिविल लाइन्स जयपुर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मोहन लाल गुर्जर, मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा, राजस्थान माली समाज महासचिव संजय सैनी,भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला मंत्री लक्ष्मण सिंह,सिविल लाइन्स मंडल मंत्री प्रमोद भारद्वाज,मुकेश गुर्जर,अविनाश, राहुल,गोकुल पचारिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सिविल लाइंस भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव गुर्जर ने बताया कि मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन श्री वीर तेजाजी महराज का विशाल मेले आयोजन शुक्रवार को होने जा रहा है। इसके चलते आज तृतीय ध्वज यात्रा निकाली जा रही है। यह ध्वज यात्रा उनके निवास रामनगर सोडाला से शुक्रवार शाम चार भव्य लवाजमें साथ निकलेगी।

जो मुख्य मार्गों से निकलते हुए नया तेजाजी मंदिर,बाबा रामदेव महाराज मंदिर होते हुए मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन तेजाजी महाराज के मंदिर में पहुंचेगी। इस ध्वज यात्रा मार्ग पर जगह-जगह समाजसेवियों सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा और साथ ही पुष्प वर्षा भी की जाएगी। भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मोहन लाल गुर्जर ने बताया कि तेजाजी मंदिर प्रांगण में ध्वज यात्रा पहुंचने के बाद तेजाजी महाराज को शीर्ष पर ध्वज चढाया जाएगा और प्रसादी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## वैश्य फेडरेशन करेगा सभी वैश्य सांसद-विधायकों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की ओर से पन्द्रह-सौलह सितम्बर को दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फेडरेशन के 33 जिलों की महिला और युवा इकाई के 400 प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके साथ ही जयपुर जिले से विशेष रूप से 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह कार्यक्रम होटल फर्न हैबिटेट ग्रांड अनुकम्पा अजमेर रोड जयपुर के प्रतिष्ठा बैंक्केट हॉल में किया जाएगा।

वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एन. के. गुप्ता ने बताया कि पन्द्रह सितम्बर की सुबह प्रथम सत्र का आयोजन होगा। जिसमें जिलों से आए पदाधिकारी अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके बाद शाम उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ अति विशिष्ट अतिथी होगे और फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल अध्यक्षता करेगे। राज्य प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन सत्र मे विकसित भारत-विजन 2047 मे वैश्य समाज की भूमिका पर चर्चा होगी और विशेष आयोजन के तहत राजस्थान के सभी वैश्य सांसद-विधायकों का वैश्य समाज की ओर से हार्दिक अभिनन्दन किया जाएगा। समारोह में वैश्य समाज के करीब सौलह विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

सम्मान समारोह के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन और रात्रि में स्नेह भोज होगा। वहीं सौलह सितंबर को प्रदेश कार्यसमिति का दूसरा सत्र होगा। जिसमें फेडरेशन की ओर से भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा होगी, जिसके बाद सहभोज के साथ सभी प्रतिनिधि अपने अपने जिलों में लौट जाएंगे ।

## पड़ोसी युवक ने की महिला से छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में एक पड़ोसी युवक द्वारा एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीडिता आरोप है कि अकेला पाकर आरोपित पड़ोसी जबरन घर में घुस गया। जब पीडिता ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इस संबंध में पीड़िता ने आरोपित पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि आठ सितम्बर को वह अपने काम पर गया था। घर पर उसकी पत्नी ही मौजूद थी। घर में पत्नी को अकेला पाकर आरोपित पड़ोसी जबरन घुस आया। घर में घुसकर आरोपित पड़ोसी ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाकर विरोध करने पर आरोपित पड़ोसी ने उसके साथ मारपीट की। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपित भाग निकला।

जीआरपी अजमेर व आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

# अजमेर रेलवे स्टेशन से अगवा 4 साल की मासूम को गुजरात के साबरमती से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

## गुजरात में अपने साथ रख पढ़ाई करवाने के लिए अपहरण करना बताया, वास्तविक कारण के संबंध में पूछताछ जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/अजमेर।** अजमेर जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में मां के साथ अजमेर जियारत करने आई 4 वर्ष की मासूम को रेलवे स्टेशन परिसर से अगवा करने वाले अभियुक्त रज्जाक लोहार पुत्र गफूर (35) निवासी रावजी का मोहल्ला थाना कोतवाली नीमकाथाना व अपहृत मासूम को गुजरात के साबरमती से दस्तयाब कर लिया। अजमेर जीआरपी एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बालिका को गुजरात ले जाकर अपने साथ रखने व पढ़ाई करवाने के लिए अपहरण करना बताया है, लेकिन पुलिस अपहरण के वास्तविक उद्देश्य के संबंध में आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। घटना के समय आरोपी अत्यधिक शराब के नशे में और मदहोशी की हालत में था।



**बच्ची के साथ प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रही महिला :** गांव भटाना थाना मण्डार जिला सिरोही निवासी महिला मरियम पत्नी पिंटू खान (35) अजमेर अपनी 4 साल की बेटी के साथ दरगाह जियारत करने आई थी। 10 सितंबर की रात करीब 8 बजे वापस गांव जाने के लिए रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म एक पर बने चबूतरे पर बैठ ट्रेन का इंतजार कर रही थी।

**कोल्ड ड्रिंक पिला विश्वास जीता :** 28 से 30 साल का युवक महिला के पास आकर बैठ गया। आते ही महिला और उसकी बेटी से बातें करने लगा। थोड़ी देर में बच्ची को गोद में उठाकर पास की दुकान से एक पेप्सी की छोटी बोतल लेकर आया। बातों ही बातों में महिला का विश्वास जीत लिया। बातचीत करने के बाद जैसे ही महिला का ध्यान हटा युवक बेटी को ले गया। घबराई मां ने प्लेटफार्म पर खड़ी आरपीएफ की कांस्टेबल मंजू को सारी घटना बता दी। महिला की रिपोर्ट पर थाना जीआरपी पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी व अपहृत बच्ची की तलाश के लिए एसपी जोशी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा व पुलिस उपाधीक्षक जीआरपी राम अवतार के सुपरविजन में एसएचओ जीआरपी थाना सोमेंद्र कुमार व आरपीएफ के इंस्पेक्टर राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा रेलवे स्टेशन अजमेर व शहर के विभिन्न क्षेत्रो में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। प्रदेश में व अन्य राज्य के रेलवे स्टेशनों पर तत्काल मैसेज भेजा गया। जिसके फल स्वरुप आरोपी रज्जाक लोहार व अपहृत बालिका को साबरमती गुजरात से दोनों टीमों द्वारा डिटेन कर लिया गया।

# होण्डा रेसिंग इंडिया के राइडर 2024 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप के पांचवें राउण्ड के लिए पहुंचे मलेशिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** होण्डा के राइडरों के लिए पांचवां राउण्ड, 2024 एआरआरसी कैलेंडर में सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धी सर्किट्स में से एक पर अपनी क्षमता को दर्शाने का सुनहरा मौका है। इंडोनेशिया में चौथा राउण्ड पूरा करने के बाद युवा राइडर कवीन क्विंटल और मोहसीन पराम्बन क्रमशः 18वें और 23वें पॉज़िशन पर हैं। टीम अपनी सीमाओं को पार करने और इस राउण्ड में अधिक पॉइन्ट्स स्कोर करने के लिए अपनी योजनाओं में सुधार ला रही है। इस सीज़न कुल 12 पॉइन्ट्स के साथ टीम एशिया प्रोडक्शन 250सीसी (एपी250सीसी) क्लास के शेष अंतिम दो राउण्ड्स में अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपने विचार



व्यक्त करते हुए कवीन क्विंटल ने कहा, ''सेपांग, मलेशिया में स्थित ऐसा सर्किट है जो राइडर की क्षमता और विशेषज्ञता से जुड़े हर पहलु की जांच करता है। यह फास्ट और टेकनिकल है, यहां रेस करने के लिए राइडर और मशीन के बीच सही तालमेल बनाना बहुत ज़रूरी होता है। चौथा राउण्ड मेरी योजना के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन इसने मुझे पांचवें राउण्ड के लिए प्रेरित किया है। मैं अपने परफोर्मेन्स के हर पहलु को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं ताकि हम और अधिक मजबूती के साथ मैदार पर वापसी करें। मुझें विश्वास है कि हम इस बार हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। होण्डा टीम से मिला सहयोग मुझे आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है।'' पांचवें राउण्ड को लेकर उत्सुक मोहसीन पराम्बन ने कहा, ''चौथे राउण्ड की रेस मुश्किल थी, 23वें स्थान पर फिनिश करते हुए मैं वो परिणाम हासिल नहीं कर पाया, जिनकी मैंने उम्मीद की थी। लेकिन हार-जीत तो रेसिंग का अभिन्न हिस्सा है और इस तरह के परिणाम हमें आगे के लिए महत्वपूर्ण सबक देते हैं।

# राज्य के खनिज क्षेत्र में आने वाला समय स्वर्णिम काल होगा : भगवती प्रसाद कलाल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पीएचडीसीसीआई–राजस्थान चैप्टर और माइंस एंड मिनरल्स कमेटी द्वारा राजस्थान में खनन क्षेत्र के लिए विपणन, निर्यात और वित्तपोषण में नए रास्ते विषयक द्वितीय राजस्थान माइनिंग समिट का उदयपुर चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में सफल आयोजन किया गया। जिसमें पूरे भारत से आए प्रख्यात वक्ताओं ने अपने ज्ञान और दृष्टिकोण को साझा किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य सरकार माइनिंग सेक्टर के सतत् विकास के लिए कटिबद्ध है, इस सन्दर्भ में राजस्थान मिनरल पॉलिसी का ड्राफ्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है एवं क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों एवं जन प्रतिनिधियों की राय पॉलिसी में उचित समायोजन के लिए आमंत्रित की जा रही है। सरकार ने विगत वर्ष में रिकॉर्ड मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के लिए राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रस्ताव मांगे एवं आवंटित खनिज ब्लॉकों के दोहन को गति प्रदान करने हेतु जयपुर में एक फेसिलिटेशन सेन्टर की स्थापना की है। उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष एम एल लुनावत ने अपने संबोधन में खनन क्षेत्र से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए सरकार से आग्रह किया कि इन पर उचित कार्यवाही करते हुए समस्याओं का निराकरण करे ताकि उद्यमियों के लिए खनन क्षेत्र करने का और अधिक अनुकूल वातावरण बन सके। माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष ने जीरो वेस्ट माइनिंग पर जोर देते हुए राज्य से खनिज उत्पादों के आयात बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। फेडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के उपाध्यक्ष राजेंद्र हरलालका ने सरकार से खनन क्षेत्र में व्यापार सुगमता बढ़ाने एवं प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन राज्य में विकसित करने हेतु उपयुक्त नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। भारतीय खान ब्यूरो के खान नियंत्रक अभय अग्रवाल ने केंद्र सरकार द्वारा खनन क्षेत्र में नीति नवाचारों के बारे में जानकारी दी।

राज्य के अतिरिक्त खान निदेशक पी आर आमेटा ने ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस बढ़ाने हेतु विभाग द्वारा की गई पहल एवं नवाचारों की जानकारी दी। शिखर सम्मेलन के दौरान पीएचडीसीसीआई और एलएसआई इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट्स द्वारा नॉलेज रिपोर्ट भी तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीएचडीसीसीआई–राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशक आर के गुप्ता ने आश्वाशन दिया कि चेम्बर राज्य के खनन क्षेत्र के विकास के लिए भविष्य में भी विभिन्न विषयों पर राज्य सरकार एवं खनिज उद्योग के साथ मिलकर नए नवाचारों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा एवं राज्य में निवेश आकर्षित करने हेतु खनिज विभाग के साथ अपनी भागीदारी निभाएगा।



शिखर सम्मेलन को नेचुरल रिसोर्स कंसल्टिंग लिमिटेड, यूके के निदेशक सुदीप्तो मुखर्जी, एलएसआई इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट्स के माइंस एंड मेटल्स डिवीज़न के उपाध्यक्ष अर्नब मजूमदार, प्राइस वाटर हाउस कूपर्स के एसोसिएट निदेशक अभिनव सेनगुप्ता, ईसीजीसी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक कल्पतरु बेहरा, कीरी ऑयलफील्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी ललित कुमार कीरी, एनएसआईसी के जोनल कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक प्रभात कुमार झा, रिसर्जेंट इंडिया के सहायक उपाध्यक्ष अभिषेक रूंगटा, पीएचडीसीसीआई के सस्टेनेबिलिटी केंद्र के प्रमुख मिथिलेश कुमार ने भी संबोधित किया। तकनीकी सत्र का सञ्चालन मानद सेक्रेटरी जनरल डॉ तलेसरा ने किया।



# लॉर्ड्स में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** चिकानी स्थित लॉडर्स इंटरनेशनल स्कूल में 68वीं जिला स्तरीय खेल खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह संपन्न हुआ ।यह प्रतियोगिता 8 सितंबर से खैरथल तिजारा की ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुई थी इसका आयोजक सकूल लाडर्स इंटरनेशनल स्कूल रहा और पाँच दिवसीय इस प्रतियोगिता का आज समापन समारोह ध्वज अवतरण के साथ हुआ इस प्रतियोगिता में लॉर्डस संस्था के अध्यक्ष श्री मनोज चाचान ने मुख्य अतिथि के पद को सुशोभित किया ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथिगण में पी ई.ई ओ श्री विजय कुमार डोरिया गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चिकानी के प्रिंसिपल तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरपुर के प्रिंसिपल मेहताब सिंह रहे । इस अवसर पर खेल खिलाने के लिएआए सभी ऑफिशल्स, निर्णायक टीम, कोच तथा मैनेजर्स तथा स्कूल स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा गौड़ द्वारा अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत करके किया गया । मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथिगण का स्वागत हेड बॉय तथा एंड गर्ल ,वाइज हैड बॉय तथा वाइज हैड गर्ल,के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो बहुत ही मनमोहक था । उसके बाद खैरथल तिजारा जिले के विद्यालयों सागर स्कूल ,अजीत पब्लिक स्कूल ,एमपीएस भिवाड़ी स्कूल तथा बूढी बावल स्कूल की विभिन्न खेलों जिसमें बैडमिंटन ,टेबल टेनिस, सेपक टेकरा तथा साइकिल ट्रैक की विजेता टीमों के सामूहिक तथा एकल में मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया । सभी अतिथिगण तथा टेक्निकल ऑफिशल्स को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । प्रधानाचार्य श्रीमती वर्षा गौड़ के द्वारा कार्यक्रम को विधिवत रूप से समाप्त करने की घोषणा की गई । लॉर्ड्स खेल अकादमी के संस्थापक मास्टर निखिल चाचान, कन्वीनर जितेंद्र शुक्ला तथा खेल प्रशिक्षक लक्ष्मण ने ध्वजावतरण करके आयोजक प्रधानाचार्य को समर्पित किया । सभी के सहयोग एवम् टीमवर्क से बहुत ही शानदार रूप से राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्रधानाचार्य वर्षा गौड़.ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की तथा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन श्रीमती धीरजा अरोड़ा तथा आशा लता शर्मा ने किया।

# 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट एक मंच पर नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के माध्यम से जुड़ेंगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस एवं लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में अलवर में पहली बार देश के 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट एक मंच पर नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के माध्यम से जुड़ेंगे। यह जानकारी एक निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने बताया कि आगामी 14 सितंबर को लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी चिकानी,अलवर एवं 15 सितंबर को ईएसआई मेडिकल कॉलेज सभागार में नेशनल फिजियोकोन 2024 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश से इस फिजियोकोन में सम्मिलित होने वाले फिजियोथैरेपिस्ट वर्तमान में फिजियो की आवश्यकता और भविष्य में आवश्यकता पड़ने वाली भौतिक चिकित्सकीय सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शोध पत्र भी पढ़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को फिजियोथैरेपी की वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में तथा 15 सितंबर को फिजियोकोन 2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के संरक्षक डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि फिजियोकोन 2024 सेहत साथी फाउंडेशन, राजस्थान फिजियोथैरेपी क्लिनिशियन एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजन किया जाएगा। संगठन के सचिव डॉ संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, अति विशिष्ट अतिथि शहर विधायक एवं राज्य मंत्री संजय शर्मा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सुभाष गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि आरयूएचएस डीन फिजियोथैरेपी विभाग डॉ सुनीता शर्मा,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान एवम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा होंगे। प्रेस वार्ता में डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ सतीश शर्मा, डॉ संदीप सैनी,डॉ अनुराधा गोयल, डॉ हरबंश माथुर,डॉ पीयूष शर्मा, डॉ राहुल बावलिया उपस्थित रहे।




# राधाष्टमी पर आयोजित महारास के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** यहां श्री गोपीनाथ मंदिर पर गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति सदस्यों द्वारा आयोजित राधाष्टमी पर्व पर वृंदावन एवं जयपुर से विशेष रुप से आमंत्रित गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत महारास के तहत नृत्य प्रस्तुति पर उपस्थित महिला–पुरुष झूम उठे एवं अपने आपको नृत्य करने से नहीं रोक सके। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा एवं मंत्री रामप्रकाश के अनुसार राधाष्टमी के अवसर पर सवेरे से ही ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर नूतन वस्त्र धारण करवा कर आकर्षक श्रंगार किया गया। मंदिर परिसर को फूलों एवं रंगरंगीले गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक अमित आचार्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, डाक्टर मुकेश दीक्षित, शिक्षाविद् श्रीमती उमा शर्मा, राघव शर्मा सहित उपस्थित लोगों ने महारास पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों एवं नृत्य का भरपूर आनंद उठाया।



# शतरंज के शातिरों का चार दिवसीय महाकुंभ कल से, 1500 शातिर दौड़ायेंगे दिमागी घोड़े

## एमडीएस पब्लिक स्कूल की ओर से मेवाड़ में पहली बार सीबीएसई वेस्ट जोन इन्टर स्कूल चेस टुर्नामेन्ट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** एमडीएस पब्लिक स्कूल की ओर से मेवाड़ में पहली बार सीबीएसई वेस्ट जोन इन्टर स्कूल चेस टुनार्मन्ट का 14 सितम्बर से 16 सितम्बर तक प्रतापनगर स्थित एमडीएस पब्लिक स्कूल शाखा में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान गुजरात एवं मध्यप्रदेश के 150 स्कूलों के 1500 से अधिक स्कूली शतरंज के शातिर खिलाड़ी इस महाकुंभ में भाग लेकर अपने शातिर दिमागी घोड़े दौड़ायेगें। विद्यालय के निदेशक शैलेन्द्र सोमानी ने बताया कि सभी स्कूलों की टीमें 13 को आयोजन स्थल पर पंहुचेगी और 14 से प्रतियोगिता प्रारम्भ होगी। उद्घाटन समारोह में सांसद मन्नालाल रावत, जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल,भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान, जनार्दनराय नगार वि.वि. के कुलपति प्रो. एस.एस. सरांगदेवोत, टेक्नो एनजेआर के निदेशक प्रो. आर.एस.व्यास, पेसिफिक वि.वि.के संस्थापक राहुल अग्रवाल मौजूद रहेंगे जबकि अध्यक्षता एमडीएस स्कूल के प्रबन्ध न्यासी डॉ. रमेशचन्द्र सोमानी करेंगे। प्रतियोगिता कुल 8 वर्गो छात्र–छात्रा के अन्डर–11, अन्डर– 14,अन्डर–17 एवं अन्डर–19 में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ग के प्रथम दो स्थान पर रहने वाले विद्यालय में जालंधर में आयोजित होने वाली नेशनल इन्टर स्कूल प्रतियोगिता में भाग लेगी। सोमानी ने बताया कि सीबीएसई की दक्षिणी राजस्थान में इस प्रकार की पहली बार प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आमतौर पर इस प्रकार की प्रतियोगिता में 500–600 खिलाड़ी भाग लेते है लेकिन बहुत विशाल स्तर पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ठहरने,खाने–पीने की सम्पूर्ण व्यवस्था एमडीएस पब्लिक स्कूल की ओर से की जा रही है। सोमानी ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 16 सितम्बर को किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलबाचंद कटारिया होंगे। वे सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरूस्कृत करेंगे। प्रतियोगिता के सीबीएसई ऑब्जर्वर शतरंज के विकास साहू है।

# पुत्र ने किये अपने पिता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर अलवर में 5/81 एनईबी हाउसिंग बोर्ड अलवर निवासी हरीश मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री देशराज मल्होत्रा के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि उनके पुत्र तरुण मल्होत्रा ने अपने पिता जी के नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया, उनकी सूचना पर डा. श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर को फोन करके सूचित किया। डा. श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र तरुण मल्होत्रा ने अपने पिता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है।

# बिल्यु बास रामपुरा की बालिकाओं ने हैंडबॉल और कुश्ती में हासिल की शानदार जीत, सम्मानित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** सरदारशहर तहसील के साजनसर गांव में 68वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बिल्यु बास रामपुरा की बालिकाओं ने 8–0 से राजासर पंवारान को हरा कर लगातार तीसरी बार जिला स्तर पर विजेता रही और 62 किलो ग्राम वजन में कुश्ती में पुष्पा ने गोल्ड मेडल जीता आज इन दोनों टीमों का स्वागत किया गया जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य चंदा पूनिया और पीईईओ विद्यालय की प्रधानाचार्य रेणु सैनी व विद्यालय का स्टाफ डूंगरमल सारण, गुरदत्त पीटीआई, विकास, नरेंद्र, सरिता, दुलाराम, महेंद्र, मोतीलाल पीईईओ विद्यालय के स्टाफ रामजस व जयराम गांव के गणमान्य भीवांराम चावरिया, लालचंद पूनिया, सुल्तान पूनिया, दिलीप मेघवाल, कालूराम मेघवाल, रामकुमार लाखोटिया, मालाराम पूनिया, धनाराम बाडेट, सांवरमल बाडेट, महेंद्र सिंह बडगूजर, दौलत राम पूनिया, रतनाराम पूनिया, मुखराम पूनिया, देवीलाल मेहला, शयोकरण पूनिया, चंद्राराम मेघवाल आदि उपस्थित होकर कार्यक्रम में बालिकाओं का हौसला बढ़ाया व बालिकाओं को माला, साफा मोमेंटो व लगभग 15000 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बालिकाओं को नास्ता व भोजन भी दिया गया कार्यक्रम का संचालन अध्यापक डूंगरमल सहारण ने किया।



# कला महाविद्यालय को दोहरा खिताब

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज की मेजबानी में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय टेबल टेनिस एवं शतरंज टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद अग्रवाल, पूर्व डीन विज्ञान महाविद्यालय, पूर्व सचिव, युनिवर्सिटी स्पोर्टस बोर्ड एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. भीमराज पटेल, सचिव, युनिवर्सिटी स्पोर्टस बोर्ड थे। अतिथियों का सम्मान छात्र लविश सोलंकी एवं दिक्षा सुथार द्वारा समति चिन्ह प्रदान कर किया गया। ऐश्वर्या पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्राचार्या, डॉ. ऋतु पालीवाल ने बताया कि टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर कला महाविद्यालय ने अपना परचम लहराया, दूसरा स्थान विज्ञान महाविद्यालय तथा तीसरा स्थान आरएनटी कॉलेज कपासन के नाम रहा।

टेबल टेनिस टूनार्मिट में महिला वर्ग पहला स्थान पर कला महाविद्यालय, दूसरे स्थान पर वाणिज्य महाविद्यालय तथा तीसरे स्थान पर विधि महाविद्यालय रहा। शतरंज टूनार्मिट में पुरुष वर्ग में वाणिज्य महाविद्यालय ने पहला स्थान प्राप्त किया,वहीं दूसरे स्थान पर कला महाविद्यालय एवं तीसरे स्थान पर विज्ञान महाविद्यालय रहे। शतरंज टूनार्मिट में महिला वर्ग में विधि महाविद्यालय प्रथम, दूसरे स्थान पर विज्ञान महाविद्यालय तथा तीसरे स्थान पर वाणिज्य महाविद्यालय रहे। बेस्ट प्लेयर शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में दिव्यांशु बाबेल तथा महिला वर्ग में दिपांशा जैन रही। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रद्युम्न सिंह हिरण तथा महिला वर्ग में ऋषिका चौधरी रही। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किशोर गोयल एवं शैलेन्द्र गोयल एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्रा खुशी पारिक द्वारा दिया गया।




# 68 वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन समारोह माउंट लिट्रा जी स्कूल में संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन समारोह आज स्थानीय माउंट लिट्रा जी स्कूल तैराकी पूल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ननिहाल सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तैराकी जैसे खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में लड़कों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल कैटेगरी में आदित्य शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक में आराध्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल मिलाकर, सिटी स्पोर्ट्स क्लब ने सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चौंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल संघों के अधिकारी डॉ. लोकेश भारती जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, मुरलीधर चौबीसा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी,दिलीप पुरोहित एवं सुनील जी कुमावत आयोजन सचिव, कोच, और अभिभावक भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के संयोजक मनीष मेहता ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहाकि हमारा उद्देश्य है कि जिले के सभी युवा तैराकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए।

# मनुष्य गलतियों का पुलिंदा : साध्वी संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि मेन इज बंडल ऑफ मिस्टेकस मनुष्य गलतियों का पुलिंदा है। जब तक जीवात्मा की छदमस्थ अवस्था है, मोह अज्ञान दशा है तब तक उसके द्वारा गलतियाँ हो जाना संभव है परंतु गलती होना एकान्ततः अपराध नहीं है। साध्वी ने कहा कि अपराध तो गलती को छिपाना है। जो व्यक्ति गलती पर पश्चाताप कर लेता हैं गुरुभगवंत के समक्ष गलती को सहृदय सरल बन कर बालक की तरह प्रकट कर देता है गुरु जो प्रायश्चित देते है।

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, किसान भवन लालकोठी वृत-जयपुर

क्रमांक :- राजकाज रेफरेंस 10482980 | दिनांक :- 12/09/2024

**बिड आमन्त्रण सूचना संख्या 01/2024-25**

कृषि उपज मण्डी समिति गंगापुर सिटी तथा महात्मा ज्योतिबा फूले (फल एवं सब्जी) जयपुर तथा कृषि/पशुपालन विभाग जिला दौसा के विभिन्न निर्माण कार्यो (07 नग) राशि 10.50 लाख से राशि रू. 192.70 लाख कुल राशि रू. 486.85 लाख की ऑन–लाईन बिड ई–प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2425WSOB00270 से UBN No AGM2425WSOB00276 है।

राज.संवाद/सी/24/5189 | अधीक्षण अभियंता, वृत-जयपुर

## सम्पादकीय

# आत्महत्या किसी समस्या का हल नहीं

दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन'(आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जिसका यह संदेश है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जन जागरुकता से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस का उद्देश्य आत्महत्या की मनोवृत्ति पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं। जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2024 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना।' इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। दुनियाभर के साथ-साथ भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्या की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को करिअर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है। इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है।

# पेरिस पैरालंपिक के संदेश को समझना जरूरी

**2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है। तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को भी हमारे दिव्यांग खिलाडियों ने काफी तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए। भारत अब दो अंकों में पदक हासिल कर रहा है और आसानी से अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। बेशक, पिछले टोक्यो खेलों में भारत के 19 पदक के प्रदर्शन ने देश में पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई थी। इस अर्थ में, पेरिस में यह देखना था कि क्या भारत इन खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है अथवा नहीं।**

आर.के.सिन्हा



पेरिस में ओलंपिक खेलों में लचर प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन से सारा देश खुश है। हमारे एथलीटों ने अपने उल्लेखनीय और शानदार अविश्वसनीय प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने उल्लेखनीय खेल से हरेक भारतीय प्रेरित किया है। भारत ने पैरालंपिक में 29 पदकों (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो कि अबतक का एक रिकॉर्ड है। इसमें कोई शक नहीं है कि पदक तालिका में भारत का 18वां स्थान, सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का ही प्रमाण है। इस पैरालंपिक में भारतीय कोचों और सहायक कोच भी पेरिस में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मौजूद थे।

पहली बार भारतीय एथलीटों के लिए खेल गांव में एक स्पेशल रिकवरी सेंटर बनाया गया था। इससे खिलाड़ियों को चोटों से उबरने और अपनी फिटनेस को तेजी से सुधारने में मदद मिली, जिससे वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख सके।भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 77 कोच और सहयोगी स्टाफ भेजे, जो टोक्यो पैरालंपिक में भेजे गए 45 कोच और सहयोगी स्टाफ से कहीं ज्यादा थे। इससे खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन और देखभाल मिली, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। पैरालंपिक में देश की भागीदारी ने केवल 16 वर्षों में एक उल्लेखनीय छलांग लगाई है। 2008 में बीजिंग पैरालंपिक में पाँच एथलीटों के मुकाबले अब भारतीय दल 84 हो गया है। बीते रविवार को खेलों की समाप्ति से पहले भारत के पैरालंपियनों ने एक भारतीय रेस्तरां में सुस्वादु भोजन का आनंद भी लिया। हमारे खिलाड़ी जश्न के मूड में थे। ये जश्न मनाने के हकदार भी थे।

पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों विकलांगों के मन-माफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मन-माफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम।

अफसोस है कि हमारे यहां दिव्यांगो के लिए हाई-राइस बिल्डिंगों और दूसरे घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सही ढंग नहीं सोचा जा रहा। दिव्यांगों को लेकर रीयल एस्टेट कंपनियों और आर्किटेक्ट बिरादरी को ज्यादा संवेदनशील रुख अपनाना ही होगा। रीयल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को विकलांगों और बुजुर्गों के लिए सुगम या कहें कि यूजर फ्रेंडली घर बनाने चाहिए। हालांकि भारत में रीयलएस्टेट सेक्टर ने बीते चंदेक दशकों के दौरान लंबी छलांग लगाई है,पर उन रीयल एस्टेट कंपनियों को उंगुलियों पर गिना जा सकता है जो दिव्यांगो तथा बुजुर्गों की सुविधा का ध्यान रखकर निर्माण कर रही हैं। अब उदाहरण के लिए आपको इस तरह की आवासीय और कमर्शियल इमारतें कम ही मिलेंगी जिनमें विकलांगों की व्हीलचेयर को लिफ्ट के अंदर लेकर जाया जा सकता है। लिफ्ट में इतना कम स्पेस रहता है कि व्हीलचेयर को उसके अंदर लेकर जाना मुमकिन नहीं होता। बाथरूम और किचन में कैबिनेट इतनी ऊंचाई में होते हैं कि दिव्यांग शख्स के लिए उनका इस्तेमाल करना बेहद कठिन होता है। इस तरह के मसलों को देखने की जरूरत है। अमेरिका में उन्हीं रियलटर्स को दिव्यांगों को घर मुहैया करवाने की इजाज़त दी जाती है, जो इसके लिए योग्य और प्रशिक्षित हैं लेकिन, भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है।

भारत में मानसिक और शारीरिक तौर पर विकलांग लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के भेदभाव का सामना करना ही पड़ता है। 2011 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में करीब दो करोड़ 60 लाख विकलांग हैं। हालांकि गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक इनकी संख्या और बढ़ी है और यह छह और सात करोड़ के बीच हैं। संबंधित सरकारी महकमों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि बिल्डर और आर्किटेक्ट दिव्यागों के मन-माफिक ही इमारतें खड़ी करें। दिव्यांगों को देश के बाकी नागरिकों की तरह देखा जाना चाहिए। उन्हें अहसानों की जरूरत तो नहीं पर सामाजिक सम्मान के वे अवश्य ही हकदार हैं। पेरिस पैरालंपिक के विजेताओं को भी उसी तरह से पुरस्कृत किया जाये, जैसे ओलंपिक खेलों के विजेता हुए हैं।देश में 16 किस्म की मान्य विकलांगता वें हैं। विकलांगों के आवास के लिए विशेष योजना बनाने की जरूरत है। व्हीलचेयर पर चलने वाली आबादी का मानना है कि कहीं भी प्रवेश की अगमता सुविधा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है।एक विकलांग व्यक्ति को अपने घर से बाहर लाने, कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए, बस पकड़ने, शॉपिंग कांप्लेक्स जाने या अन्य सार्वजनिक इमारतों में प्रवेश की वैसी ही सुविधा होनी चाहिए, जैसी सामान्य लोगों के लिए होती है। देश में स्थिति यह है कि अधिकतर स्थानों पर विकलांग व्यक्ति आसानी से जा ही नहीं सकते हैं।

अगर पश्चिम की देशों की बात करें तो वहां पर सार्वजनिक भवनों के गेट बहुत भारी-भरकम नहीं होते, जिससे कि व्हीलचेयर पर बैठा व्यक्ति भी बिना किसी अन्य सहायता के स्वयं ही सुगमता से आ-जा सकता है। सभी प्रसाधन स्थान भी इन सुविधाओं को ध्यान में रख बनाए गए हैं। लिफ्ट में खासतौर पर ऑपरेशनल स्विचों को नीचे की तरफ लगाया जाता है, जिससे विकलांग व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। पेरिस पैरालंपिक देश के लिए एक संदेश भी है कि हमें दिव्यांगों को उनके हकों को देना ही होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

**मिथुन**
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**कर्क**
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है।

**सिंह**
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला**
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

**धनु**
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

**मकर**
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

**कुंभ**
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

**मीन**
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

## शख्सियत

**कुछ लोगों का जीवन भी बड़ा ही अद्भुत होता है वे अपने लिए कभी जी ही नहीं पाते उनका अपना मूल्य दूसरा ही जान पाते हैं,ऐसी ही शख्सियत समाज में सेवा का बीड़ा उठाकर अपने कर्तव्य को करने से पीछे नहीं हटते हैं ऐसे ही लोग समाजसेवी कहलाते हैं**



बनवारी लाल सिंघल
( पूर्व विधायक )

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं पूर्व शहर विधायक बनवारी लाल सिंघल जोकि इस समय वर्तमान में वैश्य महा सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष व बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य पद को सुशोभित कर रहे हैं। 4 अगस्त 1964 अलवर में जन्में बनवारी लाल ने ख्याति इतनी पाई कि एक बार तो पूरे राजस्थान में इनका नाम ऊर्जा के साथ लिया जाने लगा। साधारण परिवार में जन्में पढ़ाई पूरी की और 1984 में रामगढ़ चले गए वहा मेडिकल स्टोर खोला मगर लग गए गाय बचाने में ।जैसे ही सूचना गौ तस्करों के गाय ले जाने की सूचना मिलती अपनी दुकान छोड़कर गाय बचाने में निकल जाते और गौ तस्करों से सीधा मुकाबला कर गायों को मुक्त करवाते।

रामगढ़ में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। दो बार रघुवर दयाल जी जो एमएलए रहे उनके चुनाव में काम किया। 1993 में ज्ञान देव आहूजा जी टिकट लेकर आए तो उनके चुनाव में काम किया। उसके बाद अलवर आ गए और संघ में शामिल हो गए। वर्ष 2004 में विश्व हिंदू परिषद में नगर अध्यक्ष के दायित्व पर अलवर में काम किया जिसमें मुंसा खेड़ा में हिंदू हत्याकांड में लीड रोल अदा किया और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष का कार्य संभालते हुए हिदुत्व पर बड़ा काम किया जिनमें चुहड़ सिद्ध में पशु बलि बंद करवाई।

रामगढ़ और तिजारा में बड़ी मात्रा में गौ तस्करों द्वारा गौ हत्या मामले को पुरजोर तरीके से उठाकर उसके लिए टास्क फोर्स तैनात करवाने में सफलता हासिल की। अलवर में हिंदुत्व के मामलों में काम करते हुए वर्ष 2008 में विश्व हिंदू परिषद से बीजेपी में प्रवेश किया और टिकट लाकर चुनाव लडा और कांग्रेस के कब्जे में चली आ रही अलवर की सीट पर बीजेपी की विजय हासिल की। वर्ष 2008 में जब कांग्रेस के कब्जे से बीजेपी को अलवर सहित 3 सीट से 7 सीट पर विजय हासिल हुई।

संघर्ष से सफलता तक:-जीवन में संघर्षों की पुस्तक लिखते हुए, अपने ही शहर के अपनों के आशीर्वाद से पुष्पित होते हुए विधानसभा तक का सफर, वो भी ऐतिहासिक। प्रारंभिक जीवन कठोरतम संघर्ष के साथ। जीवन का मध्य भाग इस जुनून के साथए कि राजनेता और राजनेताओं के निर्माता के मध्य का अंतर समाप्त करना है। उच्च राजनीतिक आदर्शों की स्थापना करने के इरादे से कुछ पूर्व के वरिष्ठ राजनेताओं की कार्यशैली का अनुसरण कर आमजन को सीधे न्याय और सहायता दिलवाने का मजबूत संकल्प लेकर कार्य करना आदत रहा। अधिकारी हों या कर्मचारी, आमजन के लिए सीधे कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से त्वरित न्याय कर सहायता उपलब्ध करवाना। विप्र, धेनु यानि गौमाता, सुर यानि सज्जन वृंद व संतों की सेवा का भाव लेकर सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने की उत्कंठा। सदैव कुछ न कुछ नया सीखने की लालसा और फिर जो जनहित का लगे उसे लागू करवाने की प्रबल इच्छाशक्ति। जीवन पारदर्शितापूर्ण हो, किसी को मिलने या संपर्क करने के लिए किसी मध्यस्थ की आवश्यकता नहीं पड़े ऐसी सहज सुलभता को स्थापित किए जाने का प्रयास करते हुए 10 वर्ष का विधायक कार्यकाल विकास और कानून व्यवस्था की मजबूत व्यवस्था स्थापित की। इनकी शख्सियत में एक बात यहां जोडना चाहूंगा कि कहीं भी कोई संकट आया तो कई बार तो ये पुलिस व मीड़िया से पहले पहुँच गए। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**
**रूपक शर्मा**

## विशेष आलेख

# भारत से नफरत रखने वाली अमेरिका की सांसद से राहुल गाँधी का मिलने का औचित्य!

रामस्वरूप रावतसरे



अमेरिकी दौरे पर गए कॉन्ग्रेस नेता राहुल गाँधी ने जिन लोगों से मुलाकात की है, उनमें इल्हान उमर भी शामिल हैं। उमर अमेरिकी संसद के निचले सदन की सदस्य हैं। इस्लामपरस्ती ही उनकी पहचान है। भारत और हिंदुओं से घृणा को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। इल्हान उमर अमेरिकी सांसदों के उस समूह का हिस्सा थीं जिसने वाशिंगटन डीसी के रेबर्न हाउस में कॉन्ग्रेस नेता के साथ बैठक की। इसकी मेजबानी अमेरिकी सांसद ब्रेडली जेम्स शेरमन ने की। उमर के अलावा इस बैठक में सांसद जोनाथन जैकसन, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, बारबरा ली, श्री थानेदार, जीसस जी ग्रासिया, हैंक जॉनसन और जैन शाकोवस्की भी शामिल थे। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार सूत्रों ने बताया है कि राहुल गाँधी ने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू से भी मुलाकात की है। डोनाल्ड लू को तिकड़मों से दूसरे देशों की सरकार गिराने के लिए जाना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया है कि डोनाल्ड लू 10-16 सितंबर के बीच भारत और बांग्लादेश की यात्रा करेंगे।

विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गाँधी की यह पहली अमेरिकी यात्रा है। इस दौरान उन्होंने अपने ही देश और उसकी सरकार को बदनाम करने के लिए कई प्रोपेगेंडा को विदेशी जमीन से हवा दी है। यहाँ तक कि खालिस्तानी आतंकियों के सुर में सुर मिलाते हुए यह बताने की कोशिश की है कि भारत में सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है। उन्हें गुरुद्वारा नहीं जाने दिया जा रहा है। इन बयानों के बाद राहुल गाँधी की इल्हान उमर और डोनाल्ड लू के साथ मुलाकात भी विवादों में आ गई है। यदि उमर और लू के अतीत पर गौर करें तो यह मुलाकात भारतीय हितों के अनुकूल नहीं लगती हैं। भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी का कहना है कि इल्हान उमर के साथ मुलाकात से स्पष्ट है कि राहुल गाँधी भारत विरोधी लोगों के साथ हैं। कॉन्ग्रेस नेता ऐसे लोगों के साथ खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। जैसे भारत में संसद के उच्च सदन को राज्यसभा और निचले सदन को लोकसभा कहते हैं, उसी तरह अमेरिका में उच्च सदन को सीनेट और निचले सदन को प्रतिनिधि सभा या हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव कहते हैं। इल्हान उमर, अमेरिकी संसद के निचले सदन की सदस्य हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी से नाता रखती हैं। अफ्रीकी मूल की इस अमेरिकी महिला सांसद के बयानों में भारत के प्रति घृणा और पाकिस्तानपरस्ती साफ दिखती है। वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा कर चुकी हैं। तब आंतकियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान ने उनका जोरदार स्वागत किया था। हालाँकि, भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन करने वाली अमेरिकी सांसद के इस दौरे का ना केवल भारत, बल्कि अमेरिका ने भी विरोध किया था। भारत ने उनकी इस यात्रा को निंदनीय बताया, जबकि अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने उनके पीओके दौरे को व्यक्तिगत गतिविधि बताकर खुद को उनसे अलग कर लिया था। इल्हान उमर की पैदाइश सोमालिया की है। कट्टरपंथी इस्लामी विचार रखती हैं। हालिया पाकिस्तान दौरे में इमरान खान से मिलीं। उनकी जमकर तरीफ की। इमरान ने भी उमर की 'इस्लामोफोबिया के मुद्दों पर साहसी और सैद्धांतिक रुख' की सराहना की। उन्होंने पाकिस्तान के राष्ट्रपति सुल्तान महमूद चौधरी और पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से भी मुलाकात की और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन पर चर्चा की। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने उमर को एजेंडावादी बताते हुई जबर्दस्त फटकार लगाई थी। उन्हें संकीर्ण सोच वाली नेता बताते हुए कहा कि भारत क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा। इल्हान उमर के बारे में बताया जाता है कि वो पहली अफ्रीकी शरणार्थी हैं, जो चुनाव जीतकर अमेरिकी संसद में पहुँची हैं। उमर 2019 में मिनिसोटा से सांसद चुनी गई थीं। इस संसदीय सीट से चुनाव जीतने वाली वह पहली अश्वेत महिला हैं। साथ ही, अमेरिकी संसद पहुँचने वाली पहली दो मुस्लिम-अमेरिकी महिलाओं में भी शामिल हैं। उमर के परिवार ने गृहयुद्ध के कारण सोमालिया छोड़ दिया था, उस वक्त उमर महज आठ वर्ष की थीं। उनके परिवार ने केन्या के शरणार्थी शिविर में चार साल बिताए और फिर 1990 के दशक में अमेरिका आए। दादा ने उमर को उनकी किशोरावस्था में ही राजनीति में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। वह 2016 में चुनाव जीतकर मिनिसोटा की प्रतिनिधि सभा पहुँची और तीन साल बाद 2019 में वो अमेरिकी संसद के लिए चुनी गईं। सोमालिया में ही पैदा हुईं मानवाधिकार कार्यकर्ता अयान हिरसी अली ने 12 जुलाई 2019 को वॉल स्ट्रीट जर्नल में लिखे लेख में कहा था, किसी के मन में किसी के प्रति प्रति नफरत घर कर जाए तो उससे उबरना मुश्किल होता है। इल्हान उमर के साथ भी यही बात लागू है। अयान के मुताबिक, इल्हान उमर उन मुस्लिमों में शामिल हैं, जो दुनिया में जो भी गलत हो रहा है, उसके लिए एकमात्र दोषी यहूदियों को मानती हैं। उनमें गैर-मुसलमानों के प्रति भी नफरत कूट-कूटकर भरी है, क्योंकि उन्हें बचपन से यही सिखाया गया है। वहीं, भारत में काफी चर्चित पाकिस्तानी मूल के लेखक और पत्रकार तारेक फतेह भी इल्हान उमर को भारत विरोधी कट्टर इस्लामवादी करार दे चुके हैं। इल्हान उमर के बारे में यह भी कहा जाता है कि वह बातें स्वतंत्रता-समानता की करती हैं, लेकिन कट्टर इस्लाम के प्रति उनका झुकाव साफ-साफ झलकता है। वे बुर्का, हिजाब की जबर्दस्त पैरोकार हैं। उन्होंने ही अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वैश्विक स्तर पर इस्लामोफोबिया से लड़ने के लिए विशेष प्रतिनिधि का पद सृजित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन की मंजूरी भी मिल गई। लेकिन, उनके इस कदम की रिपब्लिकन पार्टी के टिकट पर अमेरिकी कॉन्ग्रेस का चुनाव लड़ चुकीं एक और मुस्लिम नेता डालिया अल-अकिदी ने जबर्दस्त विरोध किया था। उन्होंने अरब न्यूज में एक लेख लिखकर पूछा है कि क्या इस्लाम के नाम पर आतंकी वारदातों को अंजाम देने वालों को मुस्लिम आतंकी कहना भी इस्लामोफोबिया के दायरे में आएगा? अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चुनावी रैली में इल्हान उमर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था, इल्हान उमर को अमेरिका, यहाँ के शासन-प्रशासन और यहाँ के लोगों से नफरत है। वह हमारे देश से घृणा करती हैं। वह ऐसी जगह से आई हैं जहाँ सरकार है ही नहीं और यहाँ आकर हमें ही ज्ञान दे रही हैं कि अपना देश कैसे चलाना चाहिए?

## आज का इतिहास

### 13 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के राजा लुई14वें ने 1791 मेंनया संविधान अंगीकार किया।
- एंग्लो-मिस्र युद्ध: तेल अल केबिर की लड़ाई 1882 में लड़ी गई।
- पोलिश संसद द्वारा जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम 1922 में पारित कर दिया गया।
- लिबिया के एल अजिजिया में धरती पर तब तक का उच्चतम तापमान दर्ज किया गया। छाया में मापा गया यह तापमान 136.4 डिग्री एफ (58 डिग्री सी) था।
- स्पेन में 1923 को सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।
- लाहौर जेल में 1929 को भूख हड़ताल के 63 दिनों के बाद जतिन दास की मौत हो गई।
- प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 1947 में 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।
- उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने 1948 में सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
- अल्बानिया 1968 में वारसॉ संधि से अलग हुआ।
- भारत के विश्वनाथन आनंद ने 2000 को शेनयांन में पहला फिडे शतरंज विश्व कप जीता।
- ओसामा बिन लादेन को 2001 में पकड़ने हेतु अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर दबाव डाला गया।
- इस्रायल ने 2002 में फिलिस्तीन अधिकृत गाजा पट्टी पर हमला किया।
- सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2005 में मानकों की घोषणा की।
- इब्सा (भारत-ब्राजील-साउथ अफरीका त्रिगुटीय संगठन) का पहला शिखर सम्मेलन 2006 में ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी का कार्य समय पर पूर्ण करें : श्री हीरालाल नागर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने निर्देश दिए है कि अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी का कार्य जिम्मेदारी और समय पर पूर्ण करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाएं। जिला प्रभारी मंत्री ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, जिले में अतिवृष्टि से हुए सरकारी परिसम्पतियों के नुकसान की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी त्वरित कार्रवाई करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि बजट घोषणाएं जल्द लागू हो, इसलिए जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए गंभीरता दिखाएं। प्रभारी मंत्री ने जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग की जाएं। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बजट घोषणाओं के तहत वांछित भूमि आवंटन के प्रकरणो की समीक्षा की। उन्होंने राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के नुकसान की तात्कालिक मरम्मत प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए कहा कि रिपेयर का कार्य शीघ्र किया जाएं। उन्होंने आगामी 17 सितंबर को आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




### सड़कों का रिपेयर कार्य शुरू करें

श्री नागर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि मानसून में बारिश के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जिन स्थानों पर सड़के ज्यादा खराब है और आवाजाही प्रभावित है, उनका प्राथमिकता से पेच वर्क करवाकर आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, जिला वन मंडल अधिकारी मरिय शाइन ए, सीईओ परशुराम धानका समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शीघ्र तैयार करें गिरदावरी रिपोर्ट

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि फसलों के खराबे की जानकारी के लिए गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि किसानों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। खराब हुई फसलों की गिरदावरी का कार्य अतिशीघ्र किया जाए। पटवारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों को फसल गिरदावरी की सूचना दें। फसल खराबे की गिरदावरी से जुड़े सभी अधिकारी व कार्मिक पूरी जिम्मेदारी से कार्य करते यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहे। इसके अलावा फसल खराबे के संबंध में किसानों को मिलने वाले मुआवजे के संबंध में जरूरी जानकारी दी जाए। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से जिले में अनुमानित फसल खराबे को लेकर फीडबैक भी लिया। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभागवार प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर पर बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# शातिर बाइक चोर की निशानदेही पर पचेवर पुलिस ने की 16 मोटरसाइकिलें जप्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड के पचेवर थाना पुलिस ने बाईक चोर को गिरफ्तार कर चोर की निशानदेही पर चोरी की 16 मोटरसाइकिले जप्त की है। पचेवर पुलिस थाना प्रभारी राजेन्द्र ताड़ा ने बताया कि क्षैत्र के बढ़ती बाईक चोरी की वारदातो की रोकथा के लिए जिला पुलिस अधीक्षका संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा व पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार पचेवर पुलिस थाना क्षेत्र में बढ़ती बाईक चोरी घटनाओं को रोकने एवं इन पर अंकुश लगाकर असली मुलजिम तक पहुंचने के लिए पचेवर पुलिस थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विशेष दल का गठन किया गया। दल ने बाईक चोरी की घटना के बाद घटना स्थल का से निरीक्षण किया। साथ ही दल ने आसपास लगे सीसीटीवी केमरो के फुटेज भी खंगाले। फुटेज खंगालू जाने के बाद सामने आया कि मुलजिम घटना स्थल पर पहुंच कर घटना को अंजाम देकर भागने वाले रास्तो का सघन निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस ने मुखबिर भी लगाकर वारदात के आरोपी तक पहुंचने का निश्चय किया। फुटेज खंगालने एवं मुखबिर की सूचनाओं के आधार पर बाईक चोरी की घटनाओं का मुख्य आरोपी की पहचान अर्जुन पुत्र लक्ष्मण रैगर उम्र 19 साल निवासी गागरडू थाना व जिला दूदू के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी की तलाश में कई संभावित स्थानो पर छापामारी कर दस्तयाब कर पुलिस थाना लाया जाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी अर्जुन रैगर को गिरफ्तार कर आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई 16 मोटरसाइकिले भी जप्त कर बड़ी सफलता हासिल की। आरोपी अर्जुन से मनोवैज्ञानिक तरीके एवं गहन पूछताछ करने पर आरोपी ने खुण्डियास अजमेर मेला, सूरसूरा किशनगढ़ मेला व पचेवर मेले के आयोजन के दौरान मोटरसाइकिले चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही आरोपी ने भीड़ भाड़ वाले स्थानो बड़े शहरो जयपुर, सांभर सहित अन्य जगहो से भी मोटरसाइकिले चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि ये सब वह अपने शोक पूरे करने व मौज मस्ती करने के लिए बाईक चोरी करना स्वीकार किया है। गौर तलब है कि इसी क्रम में 7 सितम्बर को हफीज पुत्र घासी खां साई मुसलमान निवासी पचेवर की ओर से मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शातिर बाईक चोर तक पहुंच कर बाईक चोरी की वारदातो को खुलासा करने में गठित विशेष दल के सहायक उप निरीक्षक रमेश सिंह के नेतृत्व में कई स्थानो पर पहुंच की जांच पड़ताल करने के साथ साथ आसपास लगे सीसीटीवी केमरो के फुटेज खंगाल कर बाईक चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा किया है।




# 3 लाख 21 हजार रूपये की बची राशि गौ शालाओं को सौंपी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित श्री राम कथा महोत्सव आयोजन के बाद शेष बची 3 लाख 21 हजार 303 रूपये की राशि गौशालाओं को गौ माता की सहायतार्थ सौंपी गई। दोनो आयोजन समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में भारत विकास परिषद के कोषाध्यक्ष सेवानिृवत लेखाकार ज्ञानचन्द जैन ने महोत्सव के आय ब्यय का सम्पूर्ण एवं विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसमें बताया गया कि महोत्सव के आयोजन में सम्पूर्ण व्यय के बाद रूपये 3 लाख 21 हजार 303 रूपये की राशि शेष बची है। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि महोत्सव आयोजन से पूर्व की गई घोषणा के अनुसार महोत्सव आयोजन के बाद शेष बची सम्पूर्ण राशि को गोशालाओं को गौ माता की सहायतार्थ सौंपा जाना था। इसी के चलते बैठक के अंत में सर्वसम्मति से हुए निर्णय की पालना में महोत्सव आयोजन के बाद शेष राशि में से 3 लाख 303 रूपये का चेक श्री गोपाल गौशाला मालपुरा के मंत्री गिरधारी आगीवाल को बैठक के दौरान ही सौंपा गया। साथ ही शेष बची 21 हजार रूपये की राशि का चेक निर्माणाधीन श्री रामनारायण गौशाला समिति को सौंपा गया। अंत में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा , व्यवस्थापक रामबाबू परतानी ने श्री रामकथा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में महामंत्री त्रिलोक चन्द विजय, ताराकान्त पाठक, मोतीलाल कारवाल, कमलेश श्रंगी, चेतन शर्मा, भागचन्द शर्मा, ओमप्रकाश जैन, बालूराम गुर्जर सहित आयोजन से जुड़े अन्य सभी प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

# गुर्जर समाज द्वारा कर्नल बैंसला की जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गुर्जर आरक्षण आंदोलन के संयोजक रहे स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती पर गुरुवार को वीर गुर्जर छात्रावास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में कर्नल बैसला के जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। गिर्राजप्रसाद गुर्जर, रामकिशन बहादुरपुरा व शिवराज चौहान ने बताया कि समाज में फैली हुई कुरुतियों को बंद करना चाहिए। कर्नल बैंसला हमेशा कहां करते थे कि मूझे कर्जमुक्त समाज, दहेज प्रथा, मृत्युभोज, भ्रुणहत्या नहीं चाहिए। पढी लिखीं मां 100 शिक्षकों से अधिक होती है। समाज के लोग खर्चो पर 15 साल तक इमरजेंसी सेवा लगाकर बच्चों को पढाए। समाज के लोगों ने निवाई में बालिका छात्रावास बनाने की चर्चा की गई। समाज के लोग राजनैतिक, बिजनेस, व्यापार में आगे बढ़ते रहना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष सुरज्ञान खाटरा, ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री सुरेश डोई, सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार हरिनारायण डोई, सुरेश हरसल, राजेश गुर्जर, हेमराज खटाणा, रामलखन, शंकर पडियार, एडवोकेट दयाराम गुर्जर, सुरज्ञान फौजी, गिर्राज डोई, जंसीलाल पोसवाल, शिवराज चौहान, मेघराज बोकण, रामकरण हरसाणा, कन्नू कसाणा, रामहेत बरुधन, हरिकिशन, विकास, हनुमान, रमेश, हरिराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# शनिवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगी बिजली विभाग की एकीकृत जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम सहाय वर्मा हमेशा जनहित के कार्यों में लगातार प्रयासरत रहते हैं उनकी भावना हमेशा यही रहती है कि क्षेत्र की जनता किसी भी प्रकार की परेशानी से पीड़ित नहीं रहे। प्रत्येक क्षेत्र में वह नवाचार करने का प्रयास करते रहते हैं इसी क्रम में उन्होंने पहली बार बिजली विभाग की एकीकृत जनसुनवाई के कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को प्रातः 10 बजे पंचायत समिति सभागार में रखा है उन्होंने बताया कि उपखंड निवाई एवं पीपलू के आमजन अपनी बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में पहुंचकर राहत प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने बताया कि लोगों को शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए जिससे लोगों को विभाग के अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे सभी अधिकारी शिविर में मौजूद रहेंगे । समस्या सार्वजनिक हो या व्यक्तिगत सभी प्रकार की समस्याओं का शिविर में समाधान किया जाएगा।

# सड़क पर गोबर-कचरा डाल रहे थे, 18 लोगें को दिया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** सड़क और सार्वजिनक स्थानों पर गोबर-कचरा डालने की शिकायत पर नगर परिषद ने अहीरों का मौहल्ला, वार्ड 44 और पुरानी टोंक के मानक चौक निवासी 18 लोगों को नोटिस दिए हैं। नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि इस इलाके से लगातार सड़क पर गोबर और कचरा डालने की शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद 18 लोगों को नोटिस दिया गया है। अगर इन लोगो ने गोबर-कचरा डालना बंद नहीं कया तो इनके खलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# धौलपुर में 12वीं तक के स्कूल आगामी आदेश तक बंद

## 15 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी, स्टाफ की रहेगी नियमित ड्यूटी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले में 15 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी देखते हुए आगामी आदेश तक स्कूल बंद रहेंगी। इस दौरान स्टाफ को रोजाना की तरह ड्यूटी पर आना होगा। जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी के निर्देश पर जिले में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए छुट्टी घोषित की गई है। जिला कलेक्टर से मिले निर्देशों के बाद मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों में छुट्टी के आदेश जारी कर दिए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों में बताया गया है कि भारी बारिश के चलते जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिले में संचालित सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक छुट्टी घोषित की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों में बताया गया है कि इस दौरान स्टाफ रोजाना की तरह अपनी ड्यूटी देगा।

# जलझूलनी एकादशी कल, निकलेगी डोल यात्रा

## गणपति आयो र का आयोजन 16 को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** हिन्दु समरसता मंच के तत्वावधान में शनिवार 14 सितम्बर को जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर ठाकुर जी की डोल यात्रा का जुलुस निकाला जाएगा। मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने बताया कि जलझूलनी एकादशी की पावन परम्परा का निर्वहन करते हुए शनिवार को सायकाल 4 बजे खवास जी के कटले स्थित श्री सीताराम जी के मन्दिर से ठाकुर जी की डोल यात्रा का जुलुस रवाना होगा।

यह जुलुस आजाद चोक, बापू बाजार, माणक चोक बाजार, गांधी पार्क, सुभाष सर्किल, महावीर मार्ग से टोडा रोड होते हुए गणगौरी मेला मैदान पहुंचेगा। जहां ठाकुर जी की सामूहिक आरती के बाद जलविहार के बाद टाकुर जी के डोल को नीज मन्दिरा तक पहुंचाया जाएगा।

### गणपति महोत्सव का आयोजन 16 सितम्बर को

श्री गणपति महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक मोतीलाल कारवाल ने बताया कि गणपति प्रतिमा विसर्जन की पूर्व संध्या 16 सितम्बर को सायंकाल 7 बजे से सुभाष सर्किल पर गणपति आयो र के नाम से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

# पानी की निकासी करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क मार्ग पर लगाया जाम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में मोटयाला तालाब टूटने से तालाब का पानी घरों और खेतों में आने से लोगों को परेशानी हो रही है।

लोगों ने पानी की निकासी की मांग को लेकर गुरुवार को निवाई रजवास रोड पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर निवाई तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर व बरौनी थानाधिकारी ओमप्रकाश मय जाप्ते के साथ गांव रजवास पहुंचे और लोगों से वार्तालाप करके जाम को खुलवाया गया। तहसीलदार ने रोड पर बने नाले व दूसरी ओर सीसी रोड को तोडक़र कर पानी की निकासी करवाई। ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताया कि करीब 100 बीघा ज़मीन में खेतों में पानी भर गया। जिससे ज्वार-बाजरे की फसलें आड़ी पड़ गई है और गलने लगी है। उन्होंने बताया कि करीब 20 मकानों के आस-पास भी पानी भर गया है। ग्रामीणों ने तहसीलदार से खराब हुई फसलें की गिरदावरी करवाकर मुवावजा देने की मांग की। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल, गिरदावर रामगोपाल जांगिड़, पटवारी सत्यनारायण चौधरी, कनिष्ठ सहायक नन्दकिशोर बैरवा व किशन चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



# रोटरी इन्टरनेशनल के चेयरमेन काउन्सलिंग आफ असिसटेंट गर्वनर के मालपुरा आगमन पर किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा रोटरी इन्टरनेशनल के चेयरमेन काउन्सलिंग आफ असिसटैंट गर्वनर दीपक सुखड़िया के मालपुरा आगमन पर क्लब की ओर से अगवानी कर भव्य स्वागत किया गया।

गुरूवार को रोटरी इन्टरनेशनल के चेयरमेन काउन्सलिंग आफ असिसटैंट गर्वनर दीपक सुखड़िया अपने अल्प प्रवास पर मालपुरा पहुंचे। मालपुरा पहुंचने पर सुखाड़िया का रोटरी इन्टरनेशनल के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अंकित जैन व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन के नेतृत्व में मौजुद सदस्यो ने सुखाड़िया की अगवानी कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही सुखाड़िया ने क्लब के पदाधिकारियो व सदस्यो की मौजुदगी में जयपुर रोड स्थित रेखा देवी मेमोरियल नर्सिंग प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में पौधे भी लगाए। इस दौरान सचिव सुनील जैन, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. शुभम जैन, जानम जैन, शेरसिंह, बलराम सहित क्लब के अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

# बैडमिंटन में जबीर का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिले में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में 14 वर्षीय छात्र युगल स्पर्धा में जबीर खान और अमन गुर्जर ने प्रथम स्थान, एवं एकल वर्ग में जबीर खान ने द्वितीय स्थान तथा ड्रिबल बैडमिंटन में अमन गुर्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता का समापन समारोह इनोवेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ हुआ। मुख्य अतिथि खेल प्रतियोगिता के खेल प्रभारी शिवनारायण शर्मा, संयोजक कामरान खान, कोच नासिर खान एवं अदनान खान ने सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने जबीर खान एवं अमन गुर्जर द्वारा प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर हर्ष व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अन्य खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि विजेता खिलाड़ियों से प्रेरणा लेते हुए एक नई ऊर्जा के साथ तैयारी करनी चाहिए, जिससे उन्हें आगामी प्रयासों में सफलता मिल सके। खेलों से मनुष्य के शरीर का शारीरिक विकास होता है। मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि खेलों को हार-जीत की भावना के साथ नहीं बल्कि खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का मानव जीवन में बहुत बड़ा महत्व है।



# राष्ट्रीय कौशल विकास प्रशिक्षण का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में आयोजित आठ दिवसीय 12वां राष्ट्रीय कोशल विकास प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन समारोह में मौजूद प्रशिक्षणार्थियों से आव्हान करते हुए संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान व कौशल का सदपुयोग अपने अपने क्षैत्र में कर पशुपालको व किसानो के विकास में सहयोग प्रदान करें। तोूमर ने कहा कि समय की मांग के अनुसार कम खर्चे पर पालन करने वाले छोटे पशुओं को पालकर अधिक लाभ कमाने के लिए किसानो को प्रेरित करने की आवश्यकता है। यदि किसान भेड बकरी जैसे छोटे पशु सस्ते में पालकर अपनी आय बढ़ा कर अपना एवं अपने परिवार का आर्थिक दृष्टि से उत्थान कर सकते हैं। प्रशिक्षण में आए तेलंगाना राज्य के सेवानिवृत होर्टिकलचर एवं सिरीकल्चर निदेशक एल. वेकटरामन ने पशुपालको व किसानो के लिए भेड़ बकरी का पालन करना लाभदायक होना बताकर इनके पालन से पशुपालक कम खर्चे पर अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान डॉ. रणधीरसिंह भट्ट, डॉ. गणेश जी सोनवाने, डॉ. सुरेशचन्द्र शर्मा, अजय कुमार, डा. लीलाराम गुर्जर, डॉ. अमरसिंह मीना, डॉ. अरविन्द सोनी ने भी विचार प्रकट किए। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



## स्व. घनश्याम गौतम की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** समाजसेवी स्व. घनश्याम गौतम की पुण्य स्मृति में लगाए गए रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। आयोजक अमित व सुमित गौतम ने बताया कि स्वर्गीय घनश्याम गौतम की चतुर्थ पुण्य तिथि पर गौतम सेवा सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्यक्रम में शहर व आस पास के रक्तदाताओं ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। इस शिविर में महिला रक्तदाताओं ने भी बढ़ चढकर भाग लिया। रक्तदान शिविर देवली के केशव बल्ड बैंक के द्वारा संपादित किया गया है। अनिल गौतम ने बताया कि शिविर का शुभारंभ दिवंगत पत्रकार के पिता जगदीश प्रसाद माता शांति देवी व पत्नी सुनीता गौतम ने परिजनों सहित तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। शिविर में विभिन्न रक्तसमूह का 71 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस मौके पर पत्रकारों ने दो मिनट का मोन रखा और दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, तुलसीराम शर्मा, अनिरुद्ध गौतम, केदार शर्मा, गिरिराज शर्मा, निखिल गौतम,आशुतोष शर्मा,अक्षय गौतम, यश गौतम, सत्यनारायण सरसडी, गौतम समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा,कैलाश पंचोली, प्रेमचंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, आशीष शर्मा, संजय शर्मा, संजीव शर्मा ,अशोक दुबे, आशीष पंचोली, जितेंद्र हावा,, जन सेवा समिति, मानव सेवा संस्थान सहित गणेश महोत्सव समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण कल्याण परिषद ने 21 बालिकाओं की शिक्षा का उठाया जिम्मा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** संभाग की ब्राह्मण कल्याण परिषद महिला प्रकोष्ठ ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तलवंडी की 21 छात्राओं को गोद लिया है। परिषद ने इन बालिकाओं की एक साल की शिक्षा का खर्च उठाने का निर्णय लिया है। इसके तहत बालिकाओं को बैग, रजिस्टर, पेन, पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। संभागीय अध्यक्ष डॉ. शीला तिवारी ने बताया कि इस पहल में कई भामाशाहों ने योगदान दिया, जिनमें डॉ. रश्मि दाधीच, डॉ. अमित व्यास, डॉ. पूनम व्यास, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. अंजना व्यास, डॉ. ममता शर्मा, ब्रज राज गौतम, डॉ. मनोज शर्मा, दीक्षा शर्मा, सीमा शर्मा, सविता शर्मा, रेणु गौड़, अर्चना शर्मा, माधवी शर्मा, मोहन कांता शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा, हेमलता शर्मा, अनीता शर्मा, संतोष गौतम और शिवा उपाध्याय शामिल हैं।

## तारपुरा हवाई पट्टी पर बाबा रामदेव व धीरेंद्र शास्त्री का अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**तारपुरा ( नि.स. )।** योग गुरु स्वामी रामदेव व बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री का तारपुरा हवाई पट्टी पर तारपुरा ग्रामपंचायत व पतंजलि परिवार के सदस्यों की ओर से अभिनंदन किया गया। स्वामी रामदेव व धीरेंद्र शास्त्री गुरुवार को राघवाचार्य महाराज की श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत रेवासा धाम आए थे। रेवासा धाम से वापिस तारपुरा हवाई पट्टी आने पर उनका दुपट्टा व साफा पहनाकर पतंजलि संगठन पदाधिकारियों ने अभिनंदन किया। इस दौरान तारपुरा सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, राज्य महिला प्रभारी डॉ. सरिता गुर्जर, भारत स्वाभिमान जिला संयोजक बृजमोहन मील, संरक्षक केशर देव, सोशल मीडिया प्रभार सुनील जांगिड़, परमेश्वरी देवी, घसीराम व कुलदीप आदि उपस्थित रहे। इसके बाद तारपुरा हवाई पट्टी से उन्होंने चार्टर प्लेन से वापसी के लिए टेक ऑफ किया।

## आपसी विवाद में भिड़े 2 स्कूली छात्र, कंपास से किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** किशोरपुरा थाना इलाके में एक निजी स्कूल के बाहर दो बच्चों के झगड़े में एक बालक ने दूसरे पर कंपास (प्रकार) से हमला कर दिया है। बालक को हल्की चोट आई है, उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीड़ित छात्र के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस उप अधीक्षक राजेश टेलर का कहना है कि घटनाक्रम स्कूल के बाहर हुआ। नवीं में पढ़ने वाले स्टूडेंट ने कक्षा 8 के स्टूडेंट पर प्रकार (कंपास) से हमला किया है। बच्चों का पुराना विवाद भी सामने आया है। मामले में मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल शुरू की जाएगी।

## सभी पात्र दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर गुरूवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में 17-18 वर्ष के पात्र दिव्यांग मतदाताओं को विशेष प्रयास करके लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिन मतदान बूथों पर ऐसे दिव्यांग मतदाताओं की संख्या अधिक है, उनमें मतदाता जागरूकता के विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पंचायत स्तर के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए व्हीलचेयर खरीदी जाए।

### शिक्षा मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

# सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर : शिक्षा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री, मदन दिलावर ने गुरुवार को कोटा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विनोबा भावे नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा-कक्ष और प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने 69.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन और शिलान्यास भी किया। इसके साथ ही समग्र शिक्षा अभियान के तहत 6.90 लाख रुपए से मेजर रिपेयर और 50.7 लाख रुपए से दो कक्षा-कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय कक्ष का भूमि पूजन किया। शिक्षा मंत्री ने विद्यालय की तीन बालिकाओं - पलक गोस्वामी, अर्चना मेघवाल और पूनम मेघवाल को टेबलेट भेंट किए। कार्यक्रम में स्वर्गीय प्रमोद शर्मा की स्मृति में एक कक्षा-कक्ष और बरामदा बनाने वाले भामाशाह, उनकी बहन सीमा शर्मा का सम्मान किया गया।

**कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का लोकार्पण :** शिक्षा मंत्री ने सुल्तानपुर में 1 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से बने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का भी लोकार्पण किया। इसमें 25 कमरों के साथ गार्ड रूम और शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस छात्रावास में कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है और इसमें कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक स्तर की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं, जो गर्व की बात है।

**स्वच्छता अभियान और पुरस्कार वितरण :** शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रिंसिपल, शिक्षक और छात्र श्रमदान करेंगे। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर के प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर एसडीएम दीपक महावर, सीबीईओं रामचरण मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**नयागांव विद्यालय में विकास कार्यों का लोकार्पण :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयागांव में शिक्षा मंत्री ने 70 लाख रुपए की लागत से बने विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष और दो नए कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया। इसके अलावा, 27 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के लिए भूमि पूजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतिभाओं और बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आए छात्रों को सम्मानित किया गया।

शिक्षा मंत्री ने 19 छात्रों को राज्य सरकार की योजना के तहत टेबलेट भी प्रदान किए। शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में सर्वाधिक 1405 बच्चों का नामांकन होने पर स्टाफ को बधाई दी और प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के फर्नीचर के लिए 5 लाख रुपए और बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय को 50 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की।

**कसार में मॉडल बाल पुस्तकालय का उद्घाटन :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कसार में शिक्षा मंत्री ने मॉडल बाल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। यह पुस्तकालय सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, एचटी पारेख फाउंडेशन और टाटा ट्रस्ट के वित्तीय सहयोग से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मंत्री महोदय ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया और पुस्तकालय में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और शिक्षकों का पुस्तकालय प्रबंधन में क्षमतावर्धन करना है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक तेज कंवर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रूपेश कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी जगदीश सोनी, और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणेश उत्सव के अवसर पर सिद्धि विनायक मंडल में शानदार कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** दस दिवसीय गणेश उत्सव के अंतर्गत बुधवार रात्रि को सिद्धि विनायक मंडल प्रांगण में मंडल द्वारा गणेश जी का जन्म उत्सव व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई । ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा प्रेणादायक लघु नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

सिद्धि विनायक मंडल प्रांगण में रात्रि 8.30 बजे आरती के बाद कार्यक्रम की शुरुवात की गई, आरती का लाभ अनिल कुमार कवर लाल जैन परिवार द्वारा लिया गया,गणेश बने बच्चो द्वारा केक काट कर गणेश जन्म उत्सव मनाया गया ,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे नन्हे बच्चे फैंसी ड्रेस पहन कर आए सभी बच्चो को मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा गणेश वन्दना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की गई, बालक बालिकाओं द्वारा नशा मुक्ति के लघु नाटक द्वारा लोगो को नशे से होने वाले दुष्य परिणामों को बताते हुए लोगो को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया व स्वर्ग में एक सीट खाली है हास्य नाटक कुंभकरण को नींद से जगाना नाटक प्रस्तुत किया,एक अन्य नाटक के द्वारा माता पार्वती के स्नान व महादेव द्वारा गणेश का सिर काटना दर्शाया गया,बीच बीच में नृत्य की प्रस्तुति दी गई, ब्रह्माकुमारी गीता दीदी द्वारा गणेश जी के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा की। सभी कार्यक्रमों को उपस्थित दर्शको द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर पवन सिंह शेखावत ,सुरेंद्र कालरा,मनोज कुमार,दुर्गा शंकर नायक,राजू अग्रवाल,गुरुमुख सिंधी,लक्ष्य पंजाबी,मंडल कार्यकर्ता संजय भंडारी,हरिओम सोनी,अमित सोनी, रवि मालवीय,दिलीप टेलर,दिनेश सेन,विकास तिवारी,राहुल तिवारी, छोटु टेलर,जीतू टेलर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंडल प्रांगण में 13 सितंबर को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा साथ ही खाटू श्याम जी की जोत जलाई जाएगी ,भजन संध्या में भजन गायक जीतू धोरा रतलाम मध्यप्रदेश की टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति,14 सितम्बर को सुंदर काण्ड,15 सितंबर को मुन्निदेवी आदर्श विद्या मंदिर के भैया बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति,16 सितंबर को मंडल प्रांगण में विशाल भंडारा, तथा 17 सितंबर को भव्य चल समारोह के साथ प्रतिमा का विसर्जन होगा।

## सिलिकोसिस स्क्रीनिंग व जागरूकता कैंप में 107 श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच की



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत गुरूवार को चिकित्सा विभाग की ओर से एएसआई इंण्डस्ट्रिज लि. कोटा स्टोन खदान सातलखेड़ी में सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमे खदान और आस-पास के क्षेत्रों में काम करने वाले 107 श्रमिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि शिविर में 9 श्रमिकों को स्पूटम जांच और 9 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। वहीं, 46 की शुगरव बीपी की जांच की गई। कोटा से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगो को सिलिकोसिस रोग से बचाव, रोकथाम के उपाय और साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव-उपचार निक्षय मित्र, निक्षय संबल योजना आदि की जानकारी भी दी। मेडिकल टीम कोटा से डॉ. चेतन शर्मा पीसीएमओ, लैब सुपरवाइजर पवन शर्मा, एसटीएस सेलेंद्र मीना एवं सातलखेड़ी पीएचसी से डॉ. मुकेश गुप्ता व स्टाफ ने सेवाएं दी।

## गुरुजनों का सम्मान संदेश के तहत पंडित मुकेश गौतम का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. )।** प्रदेश मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रेषित सामग्री ओर संदेश गुरुजनो का सम्मान हेतु चलाए गए अभियान के तहत यहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गुरुओं का सम्मान किया । इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम का सम्मान भी किया। इस मौके पर शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणावत महामंत्री राजीव गोयल विस्तारक अभय सिंह शेखावत बूथ अध्यक्ष नवनीत धाकड़ उपस्थित रहे।


# नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव 17 सितंबर को होगा

## लेकिन कोर्ट के आदेश तक वोट मत पेटी में कैद रहेंगे

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता नगर पालिका को लगभग एक वर्ष से स्थाई अध्यक्ष नहीं मिल रहा हैं। निर्वाचन विभाग ने नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 17 सितम्बर की मतदान कराना सुनिश्चित किया है।

जिसके तहत मंगलवार को नामाकन प्रक्रिया के समय कांग्रेस की और से चन्द्र प्रकाश मीणा व संतोष कुमार मालव तो भाजपा की ओर से रामेश्वर खण्डेलवाल, नंदकिशोर नायक ने नामाकंन दाखिल किया। वहीं मंगलवार को उपनिर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन की जाँच के बाद कांग्रेस के चन्द्रप्रकाश मीणा व भाजपा के नंदकिशोर नायक का नामाकंन खारिज कर दिया और चंद्र प्रकाश मीणा को डीएलपी आदेश अनुसार वोट देने से वंचित रखा गया। ऐसे में अब पालिका अध्यक्ष के चुनाव में जहां कांग्रेस की ओर से संतोष कुमार गालव तो भाजपा की ओर से रामेश्वर खण्डेलवाल मैदान में रहे वहीं भाजपा के रामेश्वर खंडेलवाल 22 पार्षदों की बाड़ाबंदी कर अध्यक्ष का सपना सोच रहे हैं। चंद्र प्रकाश मीणा को वोट देने से वंचित रखने पर चंद्र प्रकाश मीणा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कोर्ट ने अपने आदेश में 17 सितंबर को मतदान तो होगा लेकिन भविष्य की पेटी कोर्ट के आदेश आने तक मत पेटी नहीं खुलेगी ऐसे में भाजपा से रामेश्वर खंडेलवाल व




कांग्रेस से संतोष गालव का भविष्य मत पेटी में कैद रहेगा ।

# अर्केड डेवलपर्स लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 16 सितंबर, 2024 को खुलेगी

## कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 5.00 की छूट दी जा रही है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मुंबई।** चुनिंदा माइक्रो मार्केट में आपूर्ति के मामले में शीर्ष 10 डेवलपर्स में से एक, और एमएमआर, महाराष्ट्र में एक स्थापित डेवलपर अर्केड डेवलपर्स लिमिटेड (कंपनी) (स्त्रोत- एनारॉक रिपोर्ट), सोमवार, 16 सितंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश ('इश्यू') खोलने का प्रस्ताव करती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/इश्यू खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 और बोली/इश्यू बंद होने की तारीख गुरुवार, 19 सितंबर, 2024 को होगी।

इश्यू का मूल्य बैंड ? 121 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर ? 128 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 110 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 110 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। इस निर्गम में 4,100.00 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम शामिल है ("नया निर्गम") ।कंपनी ने निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग विकास व्यय के वित्तपोषण तथा रियल एस्टेट परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अभी तक चिन्हित नहीं की गई भूमि के अधिग्रहण के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है। यह इश्यू प्रतिभूति संपर्क (विनियमन) नियम, 1957 (एससीआरआर) के नियम 19(2)(बी) के अनुसार, सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 31 के साथ पढ़ा जा रहा है। यह इश्यू सेबी आईसीडीआर विनियमनों के विनियमन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से बनाया जा रहा है, जिसमें इश्यू का 50त्न से अधिक हिस्सा आनुपातिक आधार पर अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) (ऐसे हिस्से को क्यूआईबी हिस्सा कहा जाता है) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों (एंकर निवेशक हिस्सा) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर क्यूआईबी हिस्से का 60त्न तक एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है, जिसमें से एक तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते कि सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार एंकर निवेशकों (एंकर निवेशक आवंटन मूल्य) को आवंटन किए गए मूल्य पर या इससे अधिक पर घरेलू म्यूचुअल फंड से वैध बोलियां प्राप्त हों।

एंकर निवेशक हिस्से में कम सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयर नेट क्यूआईबी हिस्से में जोड़े जाएंगे। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5त्न हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड्स को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड्स सहित सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं (एंकर निवेशकों के अलावा) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि वैध बोलियां इश्यू मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों।

हालांकि, अगर म्यूचुअल फंड्स की कुल मांग नेट क्यूआईबी हिस्से के 5प्रतिशत से कम है, तो म्यूचुअल फंड हिस्से में आवंटन के लिए उपलब्ध शेष इक्विटी शेयर सभी क्यूआईबी को आनुपातिक आवंटन के लिए शेष नेट क्यूआईबी हिस्से में जोड़े जाएंगे।

## उपखंड अधिकारी मनोज मीणा ने सीबीईओ कार्यालय का औचक निरिक्षण किया

### ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के, 17 में से 13 कर्मचारी मिले नदारद



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** गुरुवार को उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का ओचक निरीक्षण किया ।इस दौरान उपखंड अधिकारी को 13 कर्मचारी कार्यालय से नदारत मिले। गुरुवार को प्रात:10 बजे उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे । जहाँ निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने जांच की इस दौरान उपखंड अधिकारी ने पाया कि कार्यालय में कुल 17 अधिकारी/कर्मचारियों को नियुक्त किया हुआ है। जिसमें से 13 अधिकारी/कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये,।इस दौरान जानकारी मिली कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एसीबीईओ राम राय मीणा भी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। तो वही कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी सीमा पारासर, प्रधान लाल मीणा एसीबीईओ-द्वितीय, मो. नासीर आरपी. प्रथम, शंभूदयाल वर्मा आर.पी. द्वितीय, शंकरलाल चौधरी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, प्रवीण चौधरी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, योगेन्द्र साहू वरिष्ठ सहायक,राकेश कुमार मीणा वरिष्ठ सहायक, राकेश वर्मा एम.आई.एस.पवन कुमार बैरवा एम.आई.एस. सुरेश कुमार सैन वरिष्ठ सहायक व मो. आरिफ अमर खान प्रबोधक) यह सभी औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये। इस पर उपखंड अधिकारी कार्यालय से उक्त सभी अनुपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी जारी किया है। साथ ही 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित भी किया गया है।

# ब्यावर के ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेले की नारियल फोड़ने के साथ हुई शुरूआत

## सेदरिया मे तेजा मन्दिर पर चढ़े निशान और कई कार्यक्रम हुये सम्पन्न





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर का तीन दिवसीय ऐतिहासिक लोक देवता वीर तेजाजी महाराज का मेला गुरूवार को क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत, नगर परिषद सभापति नरेश कनौजिया, आयुक्त श्रवणराम चोधरी ने फीता काट कर उदघाटन किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता सुनिल कुमार यादव, उप सभापति ऋखब चंद खटोड, मेला संयोजक गोपाल सिंह रावत, उप मंला संयोजक भरत बंधीवाल, मेला अधिकारी मनोज शर्मा, सहायक मेला अधिकारी कपिल गोरा व अंजुम अली अंसारी, व परिषद के कर्मचारी और पार्षदगण मौजूद थे। क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत के नेतृत्व मे सभापति नरेश कनौजिया, आयुक्त श्रवण चोधरी व नगर परिषद के तमाम अधिकारी, पार्षदगण चांग गेट पर एकत्रित होकर ढोल ढमाकों के साथ पाली बाजार होते हुये तेजा चैक स्थित तेजा जी के थान पर पहुंचे जहां लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना कर नारियल फोडा। इसके बाद मेला स्थल सुभाष उद्यान के मुख्य द्वार पर लगे फीते को काटकर उदघाटन किया।

नगर परिषद के सभापति नरेश कनौजिया ने बताया कि प्रातः सुभाष उद्यान के मुख्य द्वार 1 पर कबड्डु प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका उद्घाटन वीरेन्द्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य व भुवनेश शर्मा, नेनूराम देवड़ा, जितेन्द्र राठौड़, अनिल चौधरी, विक्रम सोनी के विशिष्ठ आतिथ्य व राजेन्द्र तुनगरिया की अध्यक्षता में शुरु हुई। इसके बाद बॉलीवॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ विष्णु हेडा के मुख्य आतिथ्य व अनिल चौधरी की अध्यक्षता में शुरू हुई। इस अवसर पर जितेन्द्र राठौड़, भरत बाघमार, भुवनेश शर्मा, हेमन्त कुमावत विशिष्ठ अतिथि थे। वहीं झंडे वालों की नारियल रस्म ग्राम सेदरिया में सम्पन्न हुई जिसके मुख्य मेला संयोजक मनोज राज तंवर व जशोदा देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शांति देवी, हंसराज शर्मा, सुशीला प्रजापत, नीरू चौहान, संतोष साहू आदि थी। सायं 5 बजे कुश्ती प्रतियोगिता सुभाष उद्यान में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि विकास दगदी थे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता मोती सिंह सांखला ने की। इस अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि रामनिवास, हरीश सांखला, घनश्याम फुलवारी, राकेश साहू आदि थे।

सेदरिया में सम्राट पृथ्वीराज चोहान स्टेडियम के प्रांगड मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे किन्नरों ने अपनी प्रस्तुतिया देकर उपस्थित दर्शको से वाहवाही लुटी। इस मौके पर नगर परिषद के सभापति नरेश कनौजिया व उनके साथी पार्षदगण नगर परिषद के आयुक्त श्रवण राम चैधरी, कनिष्ठ अभियंता कपिल गोरा, सहायक अभियंता अंजुम अली अंसारी व महिला पार्षदों ने भी मेले का लुफ्त उठाया। मेले मे बडे बडे हाइटेक झुले लगे हैं उनका भी मेले मे आने वाले दर्शको ने लुफ्त उठाया।

## 68वी जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 14 वर्षीय आयु छात्र खेलकूद प्रतियोतिा सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** ब्यावर जिले के 68वी जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 14 वर्षीय आयु छात्र खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2024-2025 का समापन दिनांक 12 सितम्बर 2024 को हुआ जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी नारायणप्रकाश शर्मा थे। जबकि विशिष्ठ अतिथि मनोज शर्मा, सुखदेव वार्डपंच, गोपाल सिंह, अशरफ चीता, मंगल सिंह, दार्शनिक शर्मा आदि थे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुर्गावास के प्राधानाचार्य सुनिल हरकुट ने की। रामावास मे आयोजित 2.8 किग्रा से 50 किग्रा वर्ग के 11 भार वर्ग मे 63 प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें विभिन्न भारवर्ग मे 44 प्रतियोगी पदक विजेता रहें। जिसमे 11 गोल्ड, 11 सिल्वर, 22 कांस्य पदक विजेताओं को रोहित शर्मा फाण्उडेशन के सौजन्य से पदक प्रदान किये गये। संयोजक रमेश चन्द्र प्रजापत ने आगन्तुको को माला, साफा, अर्पणा व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित करते हुये बताया कि खेलो के माध्यम से ही विद्यार्थी जीवन को निखारा जा सकता हैं जो आगे फल प्रदान करता हैं। कार्यक्रम मे रामावास विद्यालय को चैम्पियनशिप मे तृतीय, जवाजा को द्वितीय एवं जालिया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राहुल सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन वाचन किया। सुनिल हरकुट ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सिंह एवं श्रीमती ममता शर्मा ने किया। रामावास ग्रामीणजन द्वारा सभी प्रतिभागियों, निर्णायको, टीम प्रभारियों के भोजन की व्यवस्था की गई। रोहित फाउण्डेशन द्वारा खिलाडियों को मेडल एवं अतिथियों को प्रतीक चिन्ह दिये गये। कार्यक्रम में सुखदेव वार्ड पंच, गोपाल पूर्व एसएमसी अध्यक्ष, वर्तमान एसएमसी अध्यक्ष मंगल, कर्णा, श्रवण, भोला, अशरफ, मस्तान, नैना, बिरदा, रमजान, नाथु, गफुर, बिरमराम, गफुर चीता, रमजान, दिलीप के साथ निर्णायक चयन समिति सदस्य, तकनीकी सलाहकार व कार्यक्रम संभाल रहे संजय गुप्ता, गोपाल कृष्ण छीपा, कृष्ण कान्त, रेखा कुमारी, खुशबु नागर, देवीलाल, कमल किशोर वैष्णव, उदय सिंह मीणा, दिनेश सिंह, मन मोहन गर्वा, सुश्री राजेश्वरी और अन्य ग्रामीण महिला मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम में बेस्ट विनर जालिया प्रथम के फिरोज और रामावास के इब्राहिम चीता रहे। कार्यक्रम के अन्त मे मुख्य अतिथि द्वारा समापन की घोषणा कर ध्वज अवतरण कर प्रधानाचार्य को ध्वज सौंपा गया।



## नाज में जिला स्तरीय 68वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** श्री वर्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित सेंदड़ा रोड पर श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ 'नाज़' के विद्यालय प्रांगण मे 68 वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल 14 वर्षीय छात्र-छात्रा प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्धमान महाविद्यालय उपप्राचार्य डॉ नीलम लोढ़ा, भंवरलाल गोठी स्कूल प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, वर्धमान रूट्स प्राचार्या श्वेता नाहर, खेल संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि पेंशनर समाज एवं सेवायतन के हेमन्त दीक्षित एवं खेल प्रभारी हजारी, हेमेंद्र जी दगदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। छात्र वर्ग में विजेता टीम बी.एल. गोठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर एवं उपविजेता सेंट पॉल स्कूल विजयनगर रही वही छात्रा वर्ग में विजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करणीपुरा एवं उपविजेता सेंट पॉल स्कूल विजयनगर रही। विजेता और उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ नीलम लोढ़ा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, प्राचार्या श्वेता नाहर ने प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर वर्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, उपाचार्य नागेश राठौड़ ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## जिला प्रभारी मंत्री ने खेतों में पहुंचकर लिया फसल खराबे का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** ऊर्जा राज्यमंत्री एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर ने गुरूवार को टोंक प्रवास के दौरान उपखंड निवाई के पटवार मंडल पहाड़ी के ग्राम बरथल में किसान हरिराम मीणा के खेत में जाकर अतिवृष्टि के कारण खराब हुई मूंगफली की फसल जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित पटवारियों, कृषि पर्यवेक्षक एवं संबंधित विभागीय अधिकारी क्षेत्र में हुई फसल खराबे की गिरदावरी के लिए खेतों में पहुंचकर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि मुआवजे से कोई भी काश्तकार वंचित नहीं नहीं रहे। बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से निरंतर समन्वय बनाकर मुआवजे संबंधी सभी प्रक्रिया समय पर पूर्ण कराई जाए। इस दौरान तहसीलदार निवाई नरेश गुर्जर समेत कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### तेजा मेले में बहा अद्भुद भक्ति रस : शहर में अविस्मरणीय गुजरी बुधवार की रात

# संत प्रकाशदासजी महाराज के भजनों पर झूमा पूरा पांडाल, हजारों महिला पुरुष जमकर नाचे, भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने भी बांधा समां

बढ़ता राजस्थान





**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी के विराट तेजा मेले में बुधवार को रात्रि ऐसा अनुपम भक्ति रस बरसा की हजारों लोग एक साथ झूम-झूमकर नाचने लगे। मौका था संत प्रकाशदासजी महाराज व भजन गायक छोटूसिंह रावणा की भजन संध्या 'एक शाम वीर तेजाजी के नाम' का। कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी के विशाल पांडाल में जब श्रद्धा व भक्ति से भरे गीत संगीत गूंजने शुरू हुए तो मानो पूरा जनसमूह तरंगित हो उठा। पूरा का पूरा पांडाल एक अद्भुद भक्ति, जुनून व जोश में थिरकने लगा। ऐसा जोश केकड़ीं में पहली बार देखने में आया, जिसने यह साबित कर दिया कि जब भगवान की भक्ति दिल से उमड़ती है तो कोई भी उसकी मस्ती से अछूता नहीं रह सकता।

**नाचते-नाचते एक-दूसरे पर गिरे लोग :** भजनों की इस संगीतमय रसधारा में एक समय ऐसा भी आया, जब संत प्रकाशदासजी महाराज की भजन गायकी के दौरान खचाखच भरे पांडाल में कुछ लोग भक्ति में नाचते-नाचते खुद पर नियंत्रण खो बैठे और एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे। इस दौरान माहौल में थोड़ी देर के लिए बाधा आई, लेकिन फिर पुलिस व कार्यकर्ताओं की मदद से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने भी भीड़ को समझाकर माहौल को शांत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**छोटूसिंह रावणा ने भी मन मोहा :** भजन संध्या की शुरुआत प्रसिद्ध भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने अपने भजन 'राम आएंगे' से की, जिसने यह संकेत दे दिया कि यह कार्यक्रम किस परवान चढ़ेगा। इसके बाद 'तीन बाण के धारी' और 'लीलण प्यारी जाईजे गढ़ खरनालिया' जैसे भजनों ने श्रोताओं में उत्साह भर दिया। छोटूसिंह रावणा की आवाज में एक विशेष प्रकार की मिठास थी, जो लोगों के दिलों को छू रही थी।

**लोकगायन के खूबसूरत रंग बिखरे :** बुधवार की यह रात शहर में असाधारण व अविस्मरणीय गुजरी। इस कार्यक्रम ने लोक संस्कृति व लोकगायन के खूबसूरत रंग बिखेर कर लोकदेवता वीर तेजाजी का यह मेला सार्थक कर दिया। पारंपरिक लोकगीतों की धुनों पर चले भाव भरे भजनों ने कार्यक्रम स्थल पर तफरी करने के इरादे से आये लोगों को भी भक्तिरस में डूबने को मजबूर कर दिया। लोग सम्मोहित से होकर बार बार जयकार के नारों से आसमान गुंजाते रहे।

**अतिथियों का स्वागत :** कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति कमलेश साहू, परिषद की आयुक्त बंटी राजपूत, मेला कमेटी संयोजक कैलाश चौधरी और नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र चौधरी, पार्षद मनोज कुमावत, लोकेश साहू, सुरेश चौधरी, सुरेश साहू, राजेश चौधरी आदि ने विधायक शत्रुघ्न गौतम व उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी, पूर्व जिला परिषद सदस्य समोक जगरवाल, हीराचंद खुटेटा, निरंजन तोषनीवाल, पूनम कंवर, दमयंती जोशी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर परिषद के कनिष्ठ अभियंता घासीलाल गुर्जर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामगोपाल डांगा, वरिष्ठ प्रारुपकार संजय सारस्वत, कनिष्ठ सहायक विमल दाधीच, राकेश पारीक, शशिकान्त शर्मा, मोईनुद्दीन शेख समेत अनेक जने मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर परिषद के सभी पार्षदगण व कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**बढ़ते कदम गौशाला का अवलोकन :** भजन संध्या के पश्चात संत प्रकाशदासजी महाराज ने रात्रि तीन बजे कादेड़ा रोड़ स्थित बढ़ते कदम गौशाला का अवलोकन किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम भी उनके साथ रहे। संत प्रकाशदासजी महाराज और विधायक महोदय ने गौशाला कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों व गौसेवकों से गौशाला की व्यवस्थाओं व संचालन के संबंध में एक घन्टे तक विस्तार से चर्चा की। इस दौरान लम्बे समय से लंबित पड़े गौशाला के लिए भूमि आवंटन के मामले को लेकर भी क्षेत्रीय विधायक गौतम का ध्यान आकृष्ट किया गया, जिस पर विधायक गौतम ने शीघ्र ही इसके निस्तारण का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए समुचित प्रबंध में योगदान करते हुए विधायक गौतम ने बढ़ते कदम गौशाला को विधायक कोष से ग्यारह लाख रुपये प्रदान किये जाने की घोषणा भी की। इस दौरान बढ़ते कदम गौशाला संस्थान के अध्यक्ष अशोक पारीक, आनन्द सोमानी, गोपाल वर्मा, राजेन्द्र बियानी, मीडिया प्रभारी महेंद्र प्रधान एवं क्षेत्र के गौसेवक दशरथ चौधरी, कैलाश माली, सांपला के बिट्टू शर्मा, आर्यन सोनी, धनराज माली, प्रदीप राजपुरोहित, सिंटू साहू, मोनू वैष्णव, हैप्पी माली, दिवांशु सोनी सहित अन्य कई गौसेवक मौजूद थे।

### संत प्रकाशदासजी ने किया सम्मोहित

मुक्ति के लिए जनचेतना जागृत करने में जीवन समर्पित कर देने वाले संत प्रकाशदासजी महाराज जब मंच पर आए और भजन 'समय को भरोसो कोनी, कद पलटी मार जावे' का सुर छेड़ा तो पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा। इसके बाद महाराज ने 'बिणजारी ऐ हंस हंस बोल' भजन प्रस्तुत किया, तो जनसमूह में आनंद की लहर दौड़ गई। जैसे-जैसे भजन की लय तेज होती गई वैसे-वैसे श्रोताओं की भावनाएं भी चरम पर पहुंचने लगीं। आलम यह हो गया कि लोग नाचते-नाचते एक-दूसरे पर गिरने लगे और ऐसा लग रहा था कि भक्ति का यह प्रवाह किसी हिलौर की तरह आया हो। उनके अगले भजन 'चूल्हा की आग हो तो पानी से बुझा दयूं' भजन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रकाशदासजी महाराज की प्रस्तुतियों में एक विशेष आकर्षण देखने में आया, जो श्रोताओं को अपनी ओर खींच रहा था। उनकी बुलन्द आवाज की मिठास व स्वरों के आरोह-अवरोह का ओज व तेज इतना असरदार था कि पूरा जनसमूह सम्मोहित होकर रह गया।



# जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर समुचित जल निकासी के प्रबंध रखने व शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन व ब्यावर जिले के प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की जल्द से जल्द धरातल पर क्रियान्विती हो एवं समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण तरीके से बजट घोषणाओं व विकास से संबंधित कार्य पूरा करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यदेश जारी होते ही नियत अवधि में संवेदक को त्वरित कार्य शुरू करने के दिशा निर्देश दे एवं कार्य की समस्त मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं, अतिवृष्टि सहित अन्य विषयों की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे । प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के प्रति राज्य सरकार बेहद गंभीर है । समस्त अधिकारी बजट घोषणाओं की जल्द क्रियान्विति कर आमजन को जल्द से जल्द राहत पहुंचाए एवं जो कार्य जिला स्तर पर होने है उन्हे शीघ्र पूरा करें एवं उच्च स्तर के कार्यों के प्रस्ताव बनाकर जल्द भिजवाए। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि बजट घोषणाओं के कुल 15 भूमि आवंटन के प्रकरणों में से 13 कार्य की भूमि चिन्हित की जाकर आवंटन कार्य किया जा रहा है एवं शेष 2 की कार्रवाई जल्द की जाएगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि नियमित अंतराल में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं की क्रियान्विती की समीक्षा की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने जिले में अतिवृष्टि के कारण हाल ही में हुई किसी भी जनहानि, पशु हानि व संपत्ति हानि के प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने ऐसे प्रकरणों को जल्दी चिन्हित कर आगामी एक सप्ताह में भेजे जाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अवगत कराया कि अतिवृष्टि के कारण जनहानि सहित अन्य प्रकरणों को चिन्हित किया जा चुका है एवं जल्द प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर भेजे जाएंगे। प्रभारी मंत्री खर्रा ने आगामी 17 सितंबर को आयोजित होने वाले रोजगार उत्सव के संबंध में जिला कलेक्टर से तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही हाल ही में शुरू होने वाले या पूरे होने वाले शिलान्यास या उद्घाटन कार्यों की जानकारी ली जिससे कि उच्च स्तर पर भिजवाया जा सके। जिला कलेक्टर ने बताया कि रोजगार उत्सव अंबेडकर भवन में आयोजित होगा एवं पूर्व में बैठक लेकर इसकी तैयारियो के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने बैठक के पश्चात शहर में जल भराव वाले क्षेत्र छावनी पुलिया, गढ़ी हाउसिंग बोर्ड इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की समुचित जल निकासी का कार्य कर मार्ग खुला रखे। आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े एवं शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, नगर परिषद सभापति नरेश कनोजिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।



## माकपा महासचिव कॉमरेड येचुरी नहीं रहे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव कॉमरेड सीता राम येचुरी का गुरुवार 12 सितंबर को सांय नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। माकपा के ब्यावर जिला सचिव साथी हेम चन्द आर्य ने बताया कि उन्हें गत शुक्रवार 06 सितंबर को सांस लेने में तकलीफ होने कारण उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। वे 72 वर्ष के थे तथा वो अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री आदि सहित भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ब्यावर कमेटी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है। उनके सम्मान में पार्टी के स्थानीय क्रांति नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर लगा पार्टी का लाल झंडा झुका दिया है और पार्टी में 3 दिन का शोक रखने की घोषणा की गई है।



## पुलिस के हत्थे चढ़े चार चोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बिंदायक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन शातिर नकबजन सहित एक चोर को पकडा है और उनके पास से चुराया गया माल सहित लोहे के वजन करने वाले बांट भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में प्रयुक्त दो दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने बिंदायका,करणी विहार, भांकरोटा और शिप्रा पथ थाना इलाके में वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बिंदायक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले काना कंमती उर्फ कानू,अमन लाल मीणा और विशाल शर्मा और शाहरुख मंसूरी उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपित करणी विहार और झोटवाड़ा के रहने वाले है। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस आरोपितों के पास से चुराया गया माल सहित लोहे के वजन करने वाले बांट और वारदात में प्रयुक्त दो दुपहिया वाहन भी जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



# आगामी त्योंहारों को लेकर नपा प्रशासन ने विशेष सफाई अभियान संचालित किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** आगामी त्यौंहारी को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा गुरुवार को नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया।साथ ही आमजन को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया।

नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि आगामी त्योंहारों को लेकर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी एवं अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह के निर्देशन में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया।उक्त विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर के राज राजेश्वर बड़ा तालाब की पाल पर साफ सफाई की गयी।जिससे त्योंहारो के दौरान आमजन को अस्वच्छता से परेशानी नहीं होवे। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका सफाई कार्मिकों द्वारा विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय आमजन को स्वच्छता का संदेश देते हुवे कचरे को कचरा पात्र में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया।

# लोड़किया चौक के राजा के मनमोहक दर्शनों हेतु प्रतिदिन भक्तो का लग रहा तांता

## प्रथम पूज्य श्री गणेश जी के समक्ष रविवार को छप्पन भोग का महाआयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की भक्ति एवं आराधना के श्री गणेश महोत्सव पर्व को लेकर क्षेत्र के विभिन्न स्थलो पर गरबा नृत्य एवं विविध कार्यक्रमो के आयोजन हो रहे हैं।गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर क्षेत्र में आयोजन स्थलो पर आकर्षक एवं रंगबिरंगी विद्युत साज-सजावट सहित प्रतिदिन श्री गणेश जी को मनमोहक श्रृंगार कराया जा रहा है।जिसको निहारने एवं दर्शनार्थ भक्तो एवं श्रद्धालुओ का हुजूम बना रहता है।यहां गणेश चतुर्थी पर्व के साथ चहुंओर गरबा नृत्य से भक्तिरस के आनंद का संचार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर पालिका कपासन क्षेत्र के लोड़किया चोक में प्रतिवर्ष की भांति प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की आकर्षक प्रतिमा के साथ गणपति बप्पा विराजमान है।यहां भक्तो द्वारा प्रतिदिन महाआरती एवं आकर्षक व मनमोहक श्रृंगार गणपति बप्पा को कराया जाता है।जो भक्तो एवं श्रद्धालुओ में आकर्षण का केंद्र तथा लोड़किया चौक के राजा के दर्शनों हेतु भक्तो का तांता लगा रहता है। इधर श्री चारभुजा मित्र मंडल कपासन के तत्वावधान में 15 सितं. रविवार 2024 को नगर के मध्य स्थित लोड़किया चौक मे वीराजमान



देवो मे श्रेष्ठ एवं प्रथम पूज्य श्री गजानन्द जी महाराज के समक्ष सुसज्जित छप्पन भोग का महाआयोजन रखा गया है।जिसमे भक्तो एवं श्रद्धालुओ से अधिकाधिक संख्या मे पधारकर गणपती बप्पा के वीराट मनमोहक स्वरूप, आकर्षक श्रृंगार तथा महाआरती का लाभ लेने हेतु श्री चारभुजा मित्र मंडल द्वारा आग्रह किया गया है।

# सांवलियाजी में तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले में वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था

## कस्बा मंडफिया मे वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा, अधिक भीड़ की संभावना से प्रशासन ने लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** मंडफिया कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के काफी संख्या में आने की संभावना एवं पदयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कस्बा मंडफिया मे वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । वाहनों के पार्किंग की प्रशासन एवं पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है । वाहनों की पार्किंग के लिए कस्बे में विशेष स्थान चिन्हित किये गए है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि कस्बा मंडफिया जिला चित्तौड़गढ़ में विख्यात कृष्ण मंदिर श्री सांवलिया सेठ का 13 सितम्बर 2024 से 15 सितम्बर 2024 तक तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले का आयोजन होगा। मेले में आने वाले यात्रियों/दर्शनार्थियों के आगमन पर यातायात व्यवस्था पुलिस थाना मंडपिया द्वारा इस प्रकार से की गई है :-

चित्तौड़गढ़ उदयपुर की तरफ से भादसोड़ा चौराहा होकर आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग कस्बा मंडपिया से एक किलोमीटर पहले पार्किंग नाका स्थापित किया गया है जहां पर वाहन पार्किंग करके पैदल अथवा टेंपो द्वारा दर्शन हेतु पधार सकते हैं। तथा उपरोक्त रोड से आने वाले राहगीरों को भदेसर, निकुंभ जाना हो तो कुरेठा नाका पेट्रोल पंप के पास से होकर रिंग रोड होकर जाने हेतु डायवरजन किया गया है एवं कस्बा मंगलवाड की तरफ जाने हेतु देवनारायण होटल/ अग्रवाल रिजॉर्ट के पास से होकर घोड़ा खेड़ा होकर जा सकते हैं एवं चिकारडा जाना हो तो गिदा खेड़ा रिंग रोड बाईपास होकर जा सकते हैं।

उदयपुर की तरफ से आने वाले यात्री जो रातीमंगरी (मंगलवाड़) पुलिया के यहां से होकर घोड़ा खेड़ा होकर कस्बा मंडपिया में दर्शन हेतु पधारने वाले यात्रियों के वाहनों की पार्किंग भादसोड़ा बाईपास पार्किंग नाका पर रखी गई है। उदयपुर, मंगलवाड तथा मध्य प्रदेश, निम्बाहेड़ा, निकुंभ से होकर वाया चिकारड़ा होकर आने वाले यात्रियों दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग के लिए गोकुल विश्रांति पार्किंग नाका स्थापित किया गया है एवं भादसोड़ा जाने वाले यात्रियों राहगीरों के लिए गोकुल विश्रांति गृह/ पूजा पैलेस के सामने से होकर गीदाखेड़ा रिंग रोड होकर अग्रवाल रिसोर्ट के पास से होकर भादसोड़ा चोराया की तरफ प्रस्थान कर सकेंगे।

# श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा, तीन दिवसीय वैदिक मंत्रों द्वारा स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** साईनाथपुरम कॉलोनी में भगवान श्री तारकेश्वर महादेव के मन्दिर की भव्य स्थापना हुई। तीन दिवस की स्थापना के अवसर पर प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा कालका माता मंदिर से प्रारंभ राज कंवर कॉलोनी होकर लोटी स्कूल हाउसिंग बोर्ड कालिदास कॉलोनी में होते हुए साईनाथपरम मंदिर में पहुंची जिसमें हजारों की संख्या में श्रृद्धालु ने भाग लिया। समिति के सदस्य ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि मंदिर में विधिवत रूप से मंत्रोच्चार द्वारा हवन कुंड की विधि प्रारंभ की गई जो तीन दिन तक चली उसके बाद भगवान को उनके मंदिर में स्थान दिया गया तथा उनकी स्थापना की गई उसके बाद भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें हजारों की तादाद में लोगों ने भोजन ग्रहण किया। नगर परिषद के उपसभापति प्रदीप सिंह राजावत मुख्य यजमान रमेशचंद चोपदार धीरज सिंह शक्तावत शिव प्रसाद मीणा कुलदीप सिंह कच्छावा रामबिलास मीणा नंदकिशोर नागर लक्ष्मण सिंह सोनगरा दुर्गा शंकर शर्मा गिरीश कुमार तिवारी अशोक कुमार जांगिड़ सत्यनारायण टेलर नीलकमल त्रिवेदी गोपाल लाल सेन राजेश कुमार टेलर दिनेश कुमार भील इत्यादि लोगों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा में भाग लिया गया।

# प्राध्यापक संघ रेसला ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष शोकीन धाकड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में वर्तमान की जारी पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने, पिछले 4 वर्षों से लंबित डीपीसी करने, 3820 नवक्रमोन्नत उमावि में व्याख्याताओं के पद सृजित करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने, वर्ष 2017 में व्याख्याताओं के वेतन कटौति को बहाल कर वेतन विसंगति दूर करने जैसी ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। इस अवसर पर जिला मंत्री राजीव मीणा, जिला सभाध्यक्ष सुनीता रावत, महिला मंत्री मीना राठौर, निम्बाहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष पारसमल धाकड़, दिनेश कुमावत, महिपाल चौधरी, रामेश्वरलाल मेघवाल, कौशल किशोर बिलवाल, कैलाशचन्द गवारिया, अनिल आंजना, घनश्याम गायरी, विशाल घारू, सुनील पूर्बिया आदि उपस्थित रहे।

# स्तंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री के समाधि स्थल के बदहाल कपासन की साख को कर रहे धूमिल

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर नगर पालिका प्रशासन निंद्रा में तो विपक्ष द्वारा उदासीनता धारण करने से ऐसा प्रतीत हो रहा है।जैसे आमजन में विकास की आस छूटती जा रही है।नगर पालिका कपासन क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान नहीं होने से क्षेत्र की जनता जनार्दन में चर्चा एवं रोष व्याप्त है।जन समस्याओं का समाधान नहीं होने से विपक्ष भी जनता जनार्दन की चर्चा में है।यहां क्षेत्र के विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का समाधि स्थल स्थित हैं।जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा इनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल की दुर्दशा से यहां क्षेत्रीय आमजन में चर्चा बनी हुई हैं।तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल के दौरान भी उक्त समाधि स्थल का विकास नहीं हुआ।साथ ही समाधि स्थल के समीप स्थित निर्माणाधीन गांधी वाटिका का कार्य भी अधर में लटका है।मात्र पत्र प्रेषित करने की औपचारिक राजनीति की इतिश्री से जनता जनार्दन ऊबती जा रही है।यहां जन समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं होने से अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बनी रहती है।

नगर में व्याप्त अव्यवस्थित यातायात, अतिक्रमण,पेयजल समस्या, उखड़ी सड़के,रोड़ लाइट अव्यवस्था, जलाशयो की दुर्दशा,



आवारा मवेशी तथा भूमाफिया जेसी समस्याओं के सामने सब पस्त दिखाई देते हैं। बहरहाल जनता जनार्दन पेनी नजर के साथ टकटकी लगाए बाट जोह रही है की आखिर कपासन के विकास हेतु तन-मन-धन से सदैव समर्पित रहे विकास पुरुष स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल का विकास कब होता है।

# श्री गणेश महोत्सव पर्व को खादी भंडार मित्र मंडल हर्षोल्लास के साथ मना रहा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में खादी भंडार मित्र मंडल द्वारा दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव पर्व को हर्षोल्लास एवं विविध कार्यक्रमो का आयोजन कर मनाया जा रहा है।

नगर के मुख्य मार्ग स्थित खादी भंडार परिसर में आयोजित दस दिवसीय श्री गणेश महोत्सव पर्व के अंतर्गत बुधवार रात्रि कार्यक्रम में नगर के दीक्षा इंटरनेशल स्कूल एवं आरएनटी महाविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।इस दौरान कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का खादी भंडार मित्र मंडल द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ओमप्रकाश व्यास,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रमोद मोदी,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश चाष्टा,जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना, सत्यप्रकाश व्यास आदि गणमान्यजन एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु खादी भंडार मित्र मंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# श्री गणेश जी के जीवन से प्रेरणा लें- बी के आशा दीदी



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रताप नगर सेवा केंद्र पर राजयोगिनी आशा दीदी ने श्री गणेश जी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि हम अपने विघ्नों का विनाश करने के लिए स्वयं श्री गणेश जैसा बनें। उन्होंने कहा कि श्री गणेश जी जो प्रथम पूजनीय है उनकी जन्म कहानी हम सब जानते हैं। गणेश जी का विशाल मस्तक दिव्य बुद्धि छोटी आंखें दूर दृष्टि दूर तक देख सकते हैं दूरदर्शी छोटा मुख कम बोलना और बड़े कान सूप जैसे कोई भी बात अंदर जाएं तो अच्छी बात अंदर जाए और जो कचरा है वह बाहर ही रह जाए। बड़ा पेट सबको एक्सेप्ट करें सब की बातें सुन यहां की बात वहां ना फैलाएं। उन्होंने बताया उनके एक हाथ में कुल्हाड़ी है मतलब बुरी आदतों को बुरे संस्कारों को हमें स्वयं काटना है रस्सी मर्यादाओं का प्रतीक है। वरद हस्त सबके लिए दुआएं देना शुभकामना और एक हाथ में मोदक पकड़े हुए हैं जीवन में जो भी है मेहनत करते हैं परिश्रम करते हैं इसका लाभ स्वयं ना ले उनकी सवारी चूहा जो सारा दिन कुछ ना कुछ काटता रहता है काटता रहता है तो हमारे कर्म इंद्रियां जो सारा दिन कुछ भी देख रहे कुछ भी खा रहे हैं इस पर हमें अपना कंट्रोल हो । इस प्रकार गणेश जी हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाते हैं। उन्होंने बताया कि श्री गणेश जी से प्रेरणा लेकर हम भी अपने जीवन के विघ्नों को विनाश करें।

# नायक समाज द्वारा निकली वाहन रैली का पूर्व विधायक ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** नायक समाज के आराध्य देव पाबूजी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर समाज द्वारा गुरुवार को जागृति वाहन रैली निकाली गई। रैली दशहरा मैदान से आरम्भ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए करथाना फाटक, शाहबाद, मांगरोल से शंभूपुरा होते हुए राशमी तहसील के बारू गांव स्थित पवित्र तीर्थ स्थान पाबूजी महाराज मंदिर पर पहुंच कर धार्मिक, पूजा-अर्चना एवं जन्मोत्सव का कार्यक्रम में परिवर्तित हो गई। इस वाहन रैली का दशहरा मैदान पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं पूर्वी ग्रामीण मण्डल उपाध्यक्ष लोकेश सुथार ने स्वागत किया। रैली के रथ पर विराजित नायक समाज के आराध्य देव के चित्र पर पूर्व विधायक नवलखा ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नायक समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुनेल के घाणा चौक में चल रही अवैध शराब की दुकान पर आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने शराब तस्करों के साथ-साथ शराब विक्रेताओं पर भी अपना डंडा चलाना शुरु कर दिया है। शराब की ओवर रेटिंग और अवैध बिक्री को लेकर आबकारी विभाग ने विशेष छापेमारी अभियान शुरू किया है। जिसके चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों में जांच की। खामियां मिलने पर सेल्समैनों को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही विक्रेताओं को चेतावनी भी दी गई कि ओवर रेटिंग व अवैध बिक्री की शिकायत मिली तो लाइसेंस निरस्त कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिला आबकारी अधिकारी संतोष कुमार पुनिया का कहना है कि सुनेल कस्बे के घाणा चौक स्थित शराब की दुकान पर अवैध शराब की देसी तथा अंग्रेजी शराब बेची जा रही थी जिसकी मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर रिहायशी इलाके की दुकान पर शाम को 8.30 बजे रेड डालकर अवैध शराब सहित सेल्समैन को डिटेन किया गया है ।



### बिना लाइसेंस के पिला रहा था शराब

अवैध शराब के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बीच आबकारी विभाग बिना लाइसेंस के शराब पिलाने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया बुधवार शाम को आबकारी निरीक्षक अनिरुद्ध गौतम की टीम द्वारा थाना सुनेल के घाना चौक स्थित दुकान पर दबिश दी गई। जिसमें विभिन्न प्रकार की देसी तथा अंग्रेजी शराब की बोतले तथा पव्वे जप्त किए गए । जब संचालक से शराब पिलाने का लाइसेंस मांगा गया तो वह दिखा नहीं सका।

### मोहल्ले वासियों का यह है कहना

घाणा चौक स्थित मोहल्लेवासियों ने बताया कि अभी गणेश चतुर्थी का उत्सव चल रहा है साथ ही कहीं वर्षों से यहां शराब की दुकान चल रही थी । जिसके चलते मोहल्ले के बच्चों तथा महिलाओं को जीना दुभर हो रहा था साथ ही यहां 50 फीट दूरी पर ही मंदिर ,मस्जिद,व स्कूल होने के बावजूद भी इस दुकान पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही थी । जिसके चलते समस्त मोहल्लेवासी मैं रोष का माहौल बना हुआ था । आज जो विभाग द्वारा कार्रवाई की गई वह सकारात्मक है । वही मोहल्ले वासियों ने मांग की की यह दुकान हमेशा के लिए यहां से बंद होनी चाहिए। इस दौरान पी ओ रुपाराम सहित विभाग की टीम मौजूद रही वहीं कार्रवाई को देखने के लिए मोहल्लेवासियों की भीड़ जुटी रही।

# तेजा दशमी पर शोभायात्रा व किसान सम्मेलन

## चित्तौड़गढ़ में होगा विशाल जाट समागम 13 को

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** जिला जाट समाज संस्था द्वारा शुक्रवार को तेजा दशमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आज प्रात: 10 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में प्रत्येक तहसील से हजारों लोग अपने अपने वाहन, ट्रेक्टर, मोटर साईकिलों से इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुँचेंगे जहाँ से तेजाजी की झाँकियां ऊँट, घोड़े, बग्गी के साथ विशाल जनसमूह के साथ शोभायात्रा शहर से होकर गुजरेगी तथा प्रतापनगर में तेजाजी चौक से होते हुए सेंती जाट छात्रावास पर पहुँचेगी जहाँ पर तेजाजी मंदिर में अपार जनसमूह दर्शन लाभ लेंगे। यह जानकारी देते हुए संस्थान के जिला अध्यक्ष मिठू लाल जाट ने बताया कि छात्रावास प्रांगण में



ही विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस आयोजन में केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा, किसान आयोग बोर्ड चेयरमेन सीआर चौधरी, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी, सहकारिता मंत्री गौतम दक, पूर्व मंत्री डॉ. रतनलाल जाट, पूर्व विधायक बालुराम चौधरी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, विधायकगण चन्द्रभानसिंह आक्या, सुरेश धाकड़, अर्जुनलाल जीनगर, राजसमंद जिला प्रमुख रतनदेवी चौधरी, मेवाड़ जाट समाज अध्यक्ष माधवलाल चौधरी, दानदाता बन्नाराम चौधरी, जिला प्रमुख भूपेन्द्र सिंह बड़ोली सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी को आमंत्रित किया गया है।

**आंवलहेड़ा में तेजा दशमी पर होंगे भव्य आयोजन :** निकटवर्ती ग्राम आंवलहेड़ा में शुक्रवार को तेजादशमी पर लोक देवता तेजाजी महाराज का महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया जायेगा। महोत्सव की शुरूआत ग्राम के तालाब की पाल पर स्थित भगवान तेजाजी के मंदिर पर भगवान की सेवा आराधना से होगी। तेजाजी महाराज की प्रतिमा की स्नान, शृंगार के बाद आरती होगी। गवरी नृत्य का आयोजन होगा जिसमें कलाकार भगवान तेजाजी के जीवन पहलुंओं पर अपने नृत्य के माध्यम से प्रकाश डालेंगे। शाम को तेजाजी की ध्वजा (तेजाजी की झंडी) के साथ गाजे बाजे से शोभायात्रा निकलेगी जिसमें आस पास के क्षेत्रों से भी कई श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। गांव के रवि कुमार राव ने बताया कि मंदिर पुजारी (भोपाजी) कालू डीडवानियां, बोथलाल डीडवानिया, लखमीचन्द मजावरिया, देवीलाल जाजपुरा आदि द्वारा भगवान की विशेष सेवा की जाएगी।



# पर्यटकों के लिए खास है गुजरात के ये जैन मंदिर

गुजरात राज्य का नाम सामने आते ही उनके कल्चर व खान-पान की छवि दिमाग में उभरकर सामने आती हैं। लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी यह राज्य अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। गुजरात को जैन धर्म के गढ़ों में से एक माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर एक या दो नहीं, बल्कि कई जैन मंदिर है और हर जैन मंदिर की अपनी एक अलग विशेषता है।

## श्री गिरनार तीर्थ, जूनागढ़

गिरनार पर्वत श्रृंखला कई मंदिरों का घर है, जिनमें से सबसे प्रसिद्ध 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ का मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने गिरनार पर्वत पर ध्यान किया था। मंदिर का लेआउट सुंदर है। मंदिर तक पहुंचने और भगवान नेमिनाथ की मूर्ति की पूजा करने के लिए 9500 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह 84000 साल से अधिक पुरानी है। चढ़ाई करने में पांच घंटे लगते हैं। पास में मल्लीनाथ मंदिर और 15वीं शताब्दी का पार्श्वनाथ मंदिर भी है।

## शांतिनाथ जैन मंदिर, कोठारा

कच्छ के अब्दासा में कुल मिलाकर पांच जैन मंदिर हैं, लेकिन सबसे लोकप्रिय शांतिनाथ जैन मंदिर है, जो अपनी शानदार वास्तुकला और मूर्तिकला के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। शांतिनाथ जैन मंदिर की ऊंचाई लगभग दो मंजिला इमारत के बराबर है। इसमें पांच गुंबद हैं, जिनकी ऊंची मीनारें आसमान की ओर उठती हैं।

## पालिताना मंदिर, भावनगर

जब गुजरात में सबसे प्रसिद्ध जैन मंदिरों की बात आती है, तो भावनगर में पलिताना मंदिर का जिक्र जरूर किया जाता है। जैन मंदिरों का भव्य समूह भावनगर से सटे पालिताना में शत्रुंजय पहाड़ी पर स्थित है। बहुत कम लोगों की इस बात की जानकारी है कि 23 तीर्थंकरों ने पालीताना मंदिरों की यात्रा की थी, इसलिए इसे तीर्थयात्रियों के लिए एक पवित्र स्थान माना जाता है। इस जैन मंदिर का निर्माण कार्य 11वीं शताब्दी में शुरू हुआ और लगभग 900 वर्ष तक यह कार्य चलता रहा। पहाड़ी (दिल्ली के आसपास के पहाड़ी इलाके) पर कुल मिलाकर नौ समूह हैं जिनमें एक मुख्य मंदिर और सभी तरफ दर्जनों छोटे मंदिर हैं। मंदिरों की विशेषता दीवारों, छत और रास्तों पर बेहतरीन नक्काशी है, जिनमें से सबसे शानदार नक्काशी मुख्य मंदिर आदिनाथ मंदिर में प्रदर्शित है। खास बात यह है कि सूरज ढलने के बाद यहां कोई भी नहीं रुक सकता।

## वसई जैन मंदिर, भद्रेश्वर

अगर आप गुजरात में कच्छ घूमने का मन बना रहे हैं तो आपको भद्रेश्वर में स्थित वसई जैन मंदिर को जरूर देखना चाहिए। भद्रेश्वर तीर्थ के नाम से मशहूर वसई जैन मंदिर का निर्माण देवचंद्र ने करवाया था, जो एक जैन भक्त थे। भद्रेश्वर से महज 1 किमी दूर स्थित वसई जैन मंदिर को कई बार भूकंपों का सामना करना पड़ा, लेकिन फिर भी जैन भक्त तीर्थयात्रियों द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया।







# महिला सोलो ट्रैवलर के लिए बेस्ट हैं भारत के ये होस्टल्स

सोलो ट्रैवल अपने साथ कई अनोखे अनुभव और उन्हें अपनी शर्तों पर अपनाने की आजादी लेकर आता है। आप अपनी कल्पना से परे स्थानों की खोज करते हैं और कई रोचक पलों को जीते हैं। सोलो ट्रैवल में कोई आपको टोकने वाला नहीं होता। कहां जाना है? कहां खाना है और क्या करना है ? सब आपकी अपनी पसंद के ऊपर होता है। बीते कुछ सालों में सोलो ट्रैवलिंग का चलन काफी ज्यादा बढ़ने लगा है और पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी इसमें आगे बढ़ रही हैं। अब जब सोलो ट्रैवलिंग की बात है, तो सवाल उठता है अकेले रहने का... एक पुरुष तो फिर भी एडजस्ट कर सकता है, लेकिन महिलाओं के लिए अक्सर यह सेफ्टी का सवाल खड़ा करता है। सोलो ट्रैवलिंग को बढ़ते देख देश की कई जगहों पर होस्टल की सुविधाएं होने लगी है। इन में वह सारी चीजें उपलब्ध होती हैं, जो आप एक होटल में पा सकते हैं, बल्कि उससे कई ज्यादा एक्टिविटीज यहां करने का मौका मिलता है। आप लोगों से घुल-मिल सकते हैं।





## जोस्टल, लद्दाख

अगर आप लेह-लद्दाख की यात्रा पर जा रही हैं, तो वहां वैसे भी कई चीजों का ध्यान रखना जरूरी है। अब ऐसे में रहने की टेंशन लेना एक बड़ी समस्या हो जाती है। अगर आप लद्दाख में हैं, तो रुकने के लिए जोस्टल का सहारा ले सकती हैं। यह साफ-सुथरा और आरामदायक होस्टल है, जहां कई सारे रूम्स आपको कम कीमतों पर उपलब्ध होंगे। यहां जाने से पहले फोन पर एक बार बुकिंग की बात कर लें। यहां आपको 479 रुपये/ रात में भी बेड मिल जाता है, लेकिन उसके लिए डेट और समय अनुकूल होना चाहिए। फ्री वाई-फाई की सुविधा मिलती है, जिससे आपके काम आसान हो सकते हैं। ब्रेकफास्ट के लिए आपको शुल्क देना पड़ता है।

## ट्रिपर बीच होस्टल, गोकर्णा

गोवा से बोर हो चुके लोग गोकर्णा जरूर जाते हैं। अगर अब तक आप वहां नहीं गई हैं, तो आपको वहां जरूर जाना चाहिए। और अगर रुकने की चिंता हो, तो आप ट्रिपर बीच होस्टल में रुक सकती हैं। समुद्र के किनारे इस खूबसूरत कोजी से होस्टल में रहने का मजा ही अलग होगा। गोकर्ण बीच के पास बना यह सस्ता हॉस्टल महाबलेश्वर मंदिर से तीन कि.मी. और गोकर्ण रोड रेलवे स्टेशन से 12 कि.मी. दूर है।किफ़ायती डॉर्म में बंक बेड्स और लकड़ी के पैनल वाली दीवारें हैं। यहां आपको एक बेड 600 रुपये/रात के हिसाब से मिल जाएगा, लेकिन पहले बुकिंग के लिए बात जरूर करें। यहां आपको एयरकंडीशन, फ्री वाई-फाई भी मिलेगा। कमाल की बात यह है कि यह होस्टल पेट-फ्रेंडली है।

## ब्लूशीप होस्टल, तीर्थन वैली

तीर्थन घाटी एडवेंचर पसंद लोगों के लिए सबसे बेहतरीन घाटियों में से एक है। ये जगह प्राकृतिक सौंदर्य और कई पर्यटन स्थलों से भरी है। अगर आप तीर्थन वैली आने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको यहां स्थित ब्लूशीप होस्टल में ठहरना चाहिए। यह तीर्थन घाटी में एक स्थानीय सेराजी हिमाचली परिवार द्वारा संचालित एक छोटा सा होमस्टे और होस्टल है। होस्टल के बाहर निकलते ही आप सेब के कई बाग देख सकते हैं। लकड़ी से बना यह होस्टल रॉयल फीलिंग देता है। आप यहां परिवार के साथ भी आ सकते हैं और खास बात यह है कि यहां आपको कुक मिलता है, तो आप जो चाहें उससे बनवा सकते हैं। हालांकि आपको उसका पैसा देना पड़ेगा।

# जैसलमेर में स्थित हैं ये म्यूजियम

राजस्थान का जैसलमेर एक बेहद ही खूबसूरत शहर है। इस शहर का जैसलमेर फोर्ट बेहद ही फेमस है और दूर-दूर से लोग यहां पर आते हैं। जैसलमेर राजस्थान की संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। यूं तो जैसलमेर में घूमने व देखने लायक बहुत कुछ है।



## कोठारी पटवा हवेली म्यूजियम

यह म्यूजियम वास्तव में एक हवेली में बनाया गया है। दरसअल, जैसलमेर में सबसे खूबसूरत हवेली को एक प्राइवेट म्यूजियम में बदल दिया गया, जो पटवा परिवार के जीवन के तरीके को दर्शाता है, जो अमीर जैन ब्रोकेड व्यापारी थे। इस परिवार ने 19वीं सदी की शुरुआत में क्लस्टर में चार अन्य लोगों के साथ मिलकर हवेली का निर्माण किया था। इसे पूरा होने में 50 साल से अधिक का समय लगा। हवेली की छत से शहर और किले का खूबसूरत नजारा देखना न भूलें।

## जैसलमेर वॉर म्यूजियम

जैसलमेर वॉर म्यूजियम भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देता है। इन सैनिकों ने इतिहास की कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण लड़ाइयों में बहादुरी से लड़ाई लड़ी। भारतीय सेना की डेज़र्ट कोर ने लेफ्टिनेंट जनरल बॉबी मैथ्यूज के तहत इसे विकसित किया। अगर आप देश के सैन्य इतिहास में रुचि रखते हैं तो आपको एक बार जैसलमेर का वॉर म्यूजियम को अवश्य देखना चाहिए।

## जैसलमेर फोर्ट पैलेस म्यूजियम

जैसलमेर किले के अंदर पूर्व शाही निवास को अब एक म्यूजियम में बदल दिया गया है। जिसमें जैसलमेर किले के अंदर शहर के इतिहास को दर्शाने वाले कई आर्टिफैक्ट्स मौजूद हैं। इसकी संरचना जैसलमेर की अन्य हवेलियों की तुलना में सरल है। पूरा महल जनता के लिए खुला नहीं है, लेकिन आप उन कमरों में घूम सकते हैं, जहां पर आने वाले मेहमानों का मनोरंजन किया जाता था और राजा और रानी के अलग-अलग क्वार्टर भी थे। यहां के मुख्य आकर्षणों में राजा का चांदी का सिंहासन, 15वीं सदी की मूर्तियों की एक गैलरी, प्राचीन वस्तुएं जैसे पेंटिंग, राजस्थान के पूर्व रियासतों के टिकट और जैसलमेर के वार्षिक गणगौर उत्सव जुलूस पर एक सेक्शन है।

## बा री हवेली म्यूजियम


अगर आप जैसलमेर किले में रोजमर्रा की जिंदगी के बारे में जानना चाहते हैं तो आप किले के अदंर जैन मंदिर परिसर के पास मौजूद इस म्यूजियम के जरिए यह जान सकते हैं। 450 साल पुरानी हवेली को अब म्यूजियम में बदल दिया गया है। यह हवेली कभी हिंदू पुजारियों के स्वामित्व में थी जो राजा को सलाह देते थे।

## थार हेरिटेज म्यूजियम

इस छोटे से म्यूजियम की स्थापना 2006 में प्रसिद्ध स्थानीय इतिहासकार, लोकगीतकार और लेखक लक्ष्मी नारायण खत्री द्वारा की गई थी। यह म्यूजियम जैसलमेर रेगिस्तान के इतिहास और जीवन शैली से संबंधित कलाकृतियों के संग्रह को दर्शाता है। इसमें प्राचीन समुद्री जीवाश्म, हथियार, स्थानीय व्यापारियों और एशिया के विजिटर्स के बीच व्यापार सौदों के बारे में बताने वाले दस्तावेज, सिक्के, पेंटिंग, बर्तन, उपकरण, कपड़े आदि मौजूद हैं।

# बजट में कहीं भी करना हो ट्रैवल तो इन टिप्स का रखें ख्याल

जब हम ट्रैवल करने के बारे में सोचते हैं, तो हमारे दिमाग में सबसे पहले बजट की टेंशन होने लगती है। 3-4 दिन के लिए कहीं जाना यानी की पैसों की बर्बादी और बस यही सोचकर आप कहीं जा नहीं पाते हैं। अगर आप बजट में ट्रैवल करना चाहते हैं, तो कुछ टिप्स का ख्याल रखें। पहले से अगर आप अपने ट्रैवल एक्सपेंसेस को प्लान कर लेंगे और उसी के मुताबिक चलेंगे, तो यकीन मानिए आप ट्रैवल भी कर सकेंगे और अच्छे से अपनी जगहों को एक्सप्लोर कर सकेंगे। एक बात का ख्याल रखिए कि किसी जगह को एक्सप्लोर करने के लिए आपको खूब सारे पैसों की नहीं, बल्कि समझदारी की जरूरत होती है।



**सबसे पहले प्लान करें :** यदि आपके पास समय और धन की कमी है, तो स्पॉन्टेनियस यात्रा करना बहुत अच्छा होता है। लेकिन अगर आप एक बजट में यात्रा कर रहे हैं, तो सबसे पहले उसके लिए योजना तैयार करें। इसके लिए आपको अपनी छोटी-सी-छोटी चीजों को लिखने की जरूरत नहीं है। बस इतना प्लान करें कि आपको जहां जाना है, वहां की कॉस्ट क्या होगी। प्लान न करने पर आपको लास्ट मिनट ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है।

**ऑफ-सीजन ट्रैवल करें :** स्कूल की छुट्टियों के दौरान यात्राओं से बचें, यह तब होता है जब यात्रा उद्योग उन परिवारों का लाभ उठाने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी करता है जो केवल इन हफ्तों के दौरान यात्रा कर सकते हैं। आप जिस जगह जाना चाहते हैं, वहां जाने के लिए सबसे अच्छा समय खोजें और फिर इन डेट्स के ठीक पहले या बाद में यात्रा करें। इसे शोल्डर सीजन भी कहा जाता है। इस दौरान हो सकता है जहां आप जा रहे हैं, वहां ज्यादा गर्मी हो या ज्यादा ठंड हो लेकिन आपको मजा भरपूर आएगा। साथ ही ऐसे में होटल्स और एयरलाइन्स के दाम भी कम होते हैं।

**होटल्स की बजाय होस्टल हैं बेहतर :** होटल्स के महंगे कमरों की बजाय आप होस्टल्स देखें। जब आप कमरे को शेयर करते हैं, तो अपने आप आपका फालतू का एक्सपेंस कम हो जाता है। आप ऐसी वेबसाइट्स को सर्च कर सकते हैं, जो होमस्टे या स्थानीय लोगों के घर पर ठहरने का अवसर प्रदान करती हैं। अगर आप किसी ऐसी जगह जा रहे हैं, जहां आपका कोई दोस्त या रिश्तेदार रहता है, तो होटल में रहने की जगह उनसे बात करें और उनके साथ रह सकते हैं। इससे आपकी कॉस्ट कटिंग में बहुत अंतर आएगा।

**पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा लें :** हममें से अधिकतर लोग जब कहीं जाते हैं, तो वहां जाकर एक्सपेंस सिर्फ आने-जाने में करते हैं। मगर क्या आपको पता है कि आप इसे भी बचा सकते हैं। सबसे पहले फ्लाइट में जाने से पहले उस जगह के लिए बसों और ट्रेनों के रूट देख लें। बस और ट्रेन में आप आराम से रात की नींद पूरी करते हुए जा सकते हैं। दूसरी, जब आप लोकेशन में पहुंचे तो वहां भी कैब, टैक्सी लेने से पहले लोकल पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बारे में पता कर लें और उससे ट्रैवल करें।

**स्थानीय ढाबों पर खाएं :** ज्यादा खर्चीले रेस्तरां या कैफे में बैठकर चाय और कॉफी पीने से अच्छा है कि आप किसी सस्ती जगह जाकर इसका आनंद लें। रात के खाने के लिए भी जगह चुनने से पहले घूम लें और आसपास की डेलिकेसी का पता कर लें। स्थानीय भोजन आपको स्वादिष्ट भी लगेगा और आपके पॉकेट में ज्यादा वजन भी नहीं पड़ेगा। वहीं कुछ होस्टल में खुद बनाने की सुविधा भी होती है और काफी किफायती दामों में भोजन भी मिलता है। इसके साथ जो एक अन्य अहम चीज है वो यह कि आपके फोन में हमेशा एक ऐसा ऐप होना चाहिए, जिसमें आप ट्रैवल एक्सपेंस का लेखा-जोखा सेव कर सकें। इससे आपको पता चलता रहेगा कि आपने कहां कितना पैसा खर्च किया है। आप ऐप के जरिए अपने खर्चों पर नजर रख सकते हैं।

# दुनिया के ये सस्ते देश जहां आप जी सकते हैं लग्जरी लाइफ, एक बार जरूर करें एक्सप्लोर

आजकल की बढ़ती महंगाई का सबसे ज्यादा असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। तो वहीं आलिशान जिंदगी जीने के सपने पर भी पानी फेर रहा है। महंगाई ने सबकी इच्छाओं पर जैसे विराम लगा दिया है। ऐसे में अगर आप भी घूमने फिरने के शौकीन हैं, लेकिन महंगाई के कारण विदेश घूमने का प्लान कैंसिल कर देते हैं।

**सर्बिया :** अगर आप ऐतिहासिक कलाकृतियों और क्लासिक वास्तुकला देखने के शौकीन हैं, तो आप भी सर्बिया की बीजान्टिन, बैरोक और रोमनस्क्यू आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस देश में आपको 200 से भी अधिक मठ मिलेंगे, जहां पर आप रुक सकते हैं। बता दें कि इस देश में आपको एक महीने रहने के लिए करीब 58,753 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। यहां पर आप इतने कम पैसों में लग्जरी लाइफ जी सकते हैं।

**मेक्सिको :** मेक्सिको दूसरा सबसे बड़ा लैटिन अमेरिकी देश है। इस देश की आबादी करीब 123.5 मिलियन है। हांलाकि इस देश में अधिक स्पेनिश भाषा बोलने वाले लोग मिलेंगे। मैक्सिको अमेरिका की कई प्राचीन संस्कृतियों के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आप काफी कम बजट में मेक्सिको को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**दक्षिण अफ्रीका :** अगर आप भी घूमने के साथ लग्जरी लाइफ जीना चाहते हैं, तो आपको दक्षिण अफ्रीका को एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आपको लग्जरी लाइफ जीने के लिए काफी रुपए भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे। यह देश काफी सस्ता है। ऐसे में आप इस देश को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**वियतनाम :** वियतनाम एक बेहद ही खूबसूरत देश है। आप यहां पर घूमने के लिए आ सकते हैं। बता दें कि जनसंख्या के मामले में दूसरे सबसे बड़े दक्षिण पूर्व एशियाई देश में गिना जाता है। आप विभिन्न वाइल्ड लाइफ सैंचुरी को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**मलेशिया :** मलेशिया दक्षिण पूर्व एशिया का एक खूबसूरत देश है। यह घूमने के लिहाज से भी काफी अच्छी जगह है। यहां पर आप कम पैसों में घूम सकते हैं। आप यहां पर कई आकर्षक जगहों को देखने के अलावा यहां का लोकल फूड और शॉपिंग आदि भी कर सकते हैं। शानदार और लग्जरी चीजों का मजा लेने के लिए मलेशिया सबसे सस्ते देशों में से एक है। यहां की खूबसूरती किसी जन्नत से कम नहीं लगती।

**पोलैंड :** पोलैंड भी घूमने के लिहाज से काफी सस्ता देश है। यहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं।

आप पोलैंड में 23 नेशनल पार्क को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। पोलैंड सबसे सस्ते यूरोपीय देशों में से एक है।



# ये आदतें दिमाग को अंदर से कर देती हैं खोखला

सही तरीके से जिंदगी गुजारने के लिए ब्रेन का फिट रहना जरूरी है। क्योंकि यही वो पार्ट है जो शरीर के फंक्शन को कंट्रोल में रखता है। हर मोड़ पर फैसला लेने के लिए आपको दिमाग की ही जरूरत पड़ती है। ऐसे में इसका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। हालांकि हमारी रोजाना की कुछ खराब आदतें हैं जिसकी वजह से आपका दिमाग अंदर से खोखला हो सकता है।


## ब्लू लाइट

मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट ना सिर्फ आंखों के लिए खतरनाक है बल्कि इससे आपका कॉग्निटिव फंक्शन भी प्रभावित हो सकता है। दरअसल सोते वक्त जब आप फोन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन यानी की स्लीपिंग हार्मोन को प्रभावित करती हैं इससे नींद में गड़बड़ी होती है और नींद का खराब पैटर्न याददाश्त में कमजोरी,चिड़चिड़ापन, तनाव, जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।



## स्ट्रेस

स्ट्रेस आपकी मेंटल हेल्थ को बुरी तरह से प्रभावित करता है। तनाव लेने से कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ सकता है। ये हार्मोन याददाश्त को बुरी तरह से प्रभावित करता है। लंबे समय तक तनाव में रहने से आपको याददाश्त से जुड़ी बीमारी हो सकती है। तनाव लेने से आप डिप्रेशन में भी जा सकते हैं।



## अकेलापन

अकेलापन आपके दिमाग को खोखला कर सकता है। अकेलापन आपको भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचाता है आप अपने दिल की बात किसी से शेयर नहीं कर पाते हैं। इससे चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ता है। नकारात्मक सोच आप पर हावी होती है।



## ज्यादा मीठा खाना

जरूरत से ज्यादा मीठा खाने से ना सिर्फ आपको डायबिटीज की शिकायत होती है बल्कि आपका दिमाग भी कमजोर हो सकता है। दरअसल जब ब्लड शुगर का स्तर ज्यादा होता है उनका मस्तिष्क अच्छी तरह से काम नहीं कर पाता है इससे भूलने की बीमारी हो सकती है।

## एक्सरसाइज न करना

दिमाग को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ऐसे में जब आप कोई भी शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं तो ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर कम होती है इससे बौधिक क्षमताएं कम होती है।

## नींद की कमी

कम नींद लेने से दिमाग को आराम नहीं मिल पाता है। इस कारण ब्रेन सेल्स कमजोर हो जाते हैं। नींद की कमी से प्रोटेक्टिव प्रोटीन की मात्रा काफी कम हो जाती है जिससे डिमेंशिया और अल्जाइमर रोग का खतरा काफी ज्यादा बढ़ सकता है।

# पोषक तत्वों का भंडार है टेटनस मशरूम, इसे खाने से होते है ये फायदे

शरीर को फिट और हेल्दी रखने के लिए खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हेल्दी डाइट से ही आप निरोगी काया पा सकते हैं। शाकाहारी लोगों को तो डाइट में विशेष रूप से सभी तरह के पोषक तत्वों से युक्त फूड्स को शामिल करना चाहिए। ऐसे में आप मशरूम को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। मशरूम को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद तमाम पोषक तत्व शरीर को हेल्दी रखने और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। क्या आप जानते हैं कि मशरूम की कई प्रजातियां होती हैं और इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व भी अलग-अलग होते हैं। इसी तरह का एक मशरूम है टेटनस मशरूम। टेटनस मशरूम में मौजूद पोषक तत्व चिकन और मटन से कई गुना ज्यादा होते हैं। जगंलों में साखू के पेड़ के नीचे उगने वाला टेटनस मशरूम शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इस मशरूम को शाकाहारियों का मटन भी कहा जाता है। यह मशरूम साल में एक बार ही उगता है, विशेष तौर पर सर्दियों में यह मशरूम सबसे ज्यादा उगता है। स्वाद में बेहतरीन यह मशरूम पोषक तत्वों का भंडार होता है।

### विटामिन डी की कमी करे पूरा

टेटनस मशरूम में विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से शरीर में विटामिन डी की कमी दूर करने और हड्डियों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसका सेवन करने से शरीर में कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

### आंतों के लिए फायदेमंद

टेटनस मशरूम में मौजूद पोषक तत्व और गुण आंतों को हेल्दी रखने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें बीटा ग्लुकेन कंपाउंड पाया जाता है, जो आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसका सेवन करने से पाचन तंत्र ठीक रहता है।

### इम्यूनिटी बूस्ट करने में फायदेमंद

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए टेटनस मशरूम का सेवन फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एक्टिव पॉलिसेकेराइड इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर संक्रमण से लड़ने में सक्षम होता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

टेटनस मशरूम में मौजूद घुलनशील फाइबर हार्ट से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद



करता है। इसमें मौजूद गुण शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रखने में भी इसका सेवन फायदेमंद होता है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। टेटनस मशरूम में मौजूद गुण न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसका सेवन करने से डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी समस्या में भी फायदा मिलता है।

# मौसम बदलने के साथ सर्दी-जुकाम से बचकर रहना है तो पिएं ये हेल्दी ड्रिंक

बदलते मौसम की वजह से अक्सर लोगों को सर्दी-जुकाम परेशान करने लगती है। इसका कारण है कमजोर इम्यूनिटी। जिसकी वजह से खांसी-बुखार होने लगता है। बीमार होने से खुद को और बच्चों को बचाना है तो इम्यूनिटी बूस्ट करने वाले फूड दें। ऐसे फूड जो शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। वहीं हेल्दी ड्रिंक के नाम पर अक्सर लोग काढ़ा बनाकर पीने लगते हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों को इसका स्वाद पसंद नहीं आता। अगर आपको सर्दी-जुकाम से बचकर रहना है और इम्यूनिटी को बूस्ट करना है तो रोजाना इस ड्रिंक को पिएं।

**बनाएं मौसमी और अनार की ड्रिंक :** मौसमी विटामिन सी से भरपूर होता है और इसका स्वाद भी सबको पसंद आता है। तो मौसमी के जूस में अनार के जूस को मिलाकर पीने से



इम्यूनिटी बूस्ट होती है। अनार के जूस से शरीर में आयरन और हीमोग्लोबिन बढ़ता है। इन दोनों के मिक्स जूस को पीने से शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स बढ़ते हैं जो शरीर के इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं।

**कैसे बनाएं मौसमी और अनार का जूस :** घर में अगर मिक्सर नही है तो फ्रेश जूस बनाने के लिए बहुत ही आसान तरीका है। मौसमी के छिलके को उतारकर फांके अलग कर दें और इनके बीजों को निकाल दें। साथ में अनार के सारे दानों को लें। दोनों को मिलाकर मिक्सी में पीसकर छन्नी से छान लें।

इस फ्रेश जूस का टेस्ट हर किसी को पसंद आएगा और ये शरीर की इम्यूनटी बूस्ट करने में मदद करेगा और सर्दी-खांसी से दूर रखेगा।

# एक साथ खाएं अश्वगंधा और विदारीकंद पुरुषों को मिलेंगे ये अनोखे फायदे

पुराने जमाने में लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए तमाम तरह की आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करते थे। आयुर्वेदिक औषधियों के शक्तिशाली गुण शरीर को हेल्दी रखने से लेकर बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद भी बहुत ही शक्तिशाली जड़ी-बूटी हैं। इनका सेवन करने से शरीर की कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। अश्वगंधा में मौजूद गुण शरीर को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं विदारीकंद सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार समेत कई गंभीर इन्फेक्शन से छुटकारा पाने के लिए फायदेमंद औषधि मानी जाती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन रामबाण होता है। अश्वगंधा और विदारीकंद दोनों ही बारहमासी जड़ी-बूटियां हैं,



जिनका इस्तेमाल शरीर की कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों के इलाज में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पुरुषों की कई गंभीर परेशानियों में अश्वगंधा और विदारीकंद फायदेमंद होते हैं। इन दोनों का क साथ सेवन करने से मर्दाना कमजोरी से लेकर इनफर्टिलिटी की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

### स्पर्म काउंट बढ़ाने में फायदेमंद

खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के चलते पुरुष लो स्पर्म काउंट की परेशानी का शिकार हो जाते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने से लो स्पर्म काउंट की समस्या दूर होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से स्पर्म काउंट तेजी से बढ़ता है।

### इनफर्टिलिटी में फायदेमंद

लो स्पर्म काउंट कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से पुरुष इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या का शिकार होते हैं। बांझपन या इनफर्टिलिटी से छुटकारा पाने के लिए रोजाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करना चाहिए।

### शीघ्रपतन से छुटकारा

शीघ्रपतन पुरुषों में होने वाली आम यौन समस्या है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को घी के साथ खाने से बहुत फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर शीघ्रपतन से छुटकारा पा सकते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाए

टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन की कमी के कारण पुरुषों को सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी परेशानियों के अलावा कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

### इरेक्टाइल डिसफंक्शन ठीक करने में फायदेमंद

इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या ठीक करने में अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण कॉर्टिसोल को ठीक करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करने से इस समस्या में फायदा मिलता है।

### कैसे करें अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन?

अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने के लिए आप सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें। डॉक्टर की सलाह के आधार पर आप अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को मिक्स करके घी या शहद के साथ खा सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के इसका सेवन करने से बचना चाहिए अन्यथा कई नुकसान भी हो सकते हैं।

# बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें?

बच्चों को सही परवरिश देना हर माता- पिता की पहली अहमियत होती है। आज के समय में जब सब कुछ डिजिटल उपलब्ध है, तो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्वसाथ्य पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं या लंबे समय तक इस पर समय बिताते है। बहुत से पेरेंट्स बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई बार जरूरी पोषक तत्व नहीं देते हैं। जिस कारण बच्चों की ग्रोथ पर असर पड़ता है। आज के समय में बच्चे प्रोस्सेड फूड्स का सेवन ज्यादा करना चाहते है। यह फूड्स के सेवन से बच्चों का वजन बढ़ाने के साथ कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा भी बढ़ता हैं। बच्चों का शारीरिक



विकास ठीक ढंग से हो। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रोटन, कैल्शियम और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। साथ ही शरीर के विकास के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें।

**बच्चों को साफ-सफाई के बारे में बताएं :** बचपन से ही बच्चों को साफ-सफाई के बारे में अवगत कराना जरूरी होता है। ऐसे में बाहर से आने के बाद बच्चों का ठीक से हैंडवॉश कराएं। खाना खाने से पहले और बाद में बच्चों को हैंडवॉश की अहमियत बताएं। बच्चों के साथ खुद भी हाथ को अच्छ से धोएं। बच्चों को इस रूटिन के लिए जागरूक बनाएं। ऐसा करने से संक्रमण से बचाव होता है।

### समय पर टीकाकरण

बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। साथ ही टीकाकरण बच्चे के शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

### बच्चों के साथ बातचीत करें

बच्चे के मानसिक विकास पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप उनसे खुले दिल से बात करें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें कि बच्चा बिना डरे आपसे हर बात शेयर कर सकें। बच्चा अगर कोई बात बता रहा हो, तो उसे टोके नहीं बल्कि उसकी बात को ध्यान से सुनें।

### आत्मविश्वास को बढ़ाएं

ऐसा बहुत बार होता हैं कि बच्चा कुछ करना चाहता हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाता है। ऐसे में बच्चों को बताएं कि गलतियों से सीखें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।


### काम और खेल में संतुलन बनाएं

बच्चों को काम और खेल में संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रेरित करें। बच्चों का ऐसा रूटिन सेट करें कि उन्हें दोनों ही काम के लिए समय मिल सकें। साथ ही शाम को आउटडोर गेम खेलने या ऐसी कोई एक्टिविटी कराए। जिसको बच्चा करते समय एन्जॉय करता हो।

# किडनी और डायलिसिस पेशेंट खानपान को लेकर रहे अलर्ट

शरीर के सभी हिस्सों का हेल्दी होना जरूरी है। अगर किसी भी अंग में कोई समस्या होती है तो सेहत पर असर होने लगता है। शरीर के लिए किडनी का हेल्दी होना बहुत जरूरी है क्योंकि ये ब्लड को प्यूरीफाई करने के साथ शरीर को डिटॉक्स करती है। ऐसे में शरीर को हेल्दी बनाएं रखने के लिए किडनी का स्वस्थ होना जरूरी है। हालांकि, इन दिनों कम उम्र में ही लोगों को किडनी से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड शुगर या खराब लाइफस्टाइल और डायट के कारण किडनी खराब हो जाती हैं। जिसकी वजह से गुर्दे काम करना बंद कर देते हैं। किडनी और डायलिसिस पेशेंट को खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए।

**किडनी फ्रेंडली क्या है :** डायलिसिस पेशेंट के लिए डायट में कुछ खाने और लिक्विड चीजों को सीमित करना चाहिए ताकि शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स जमा न हों। किडनी को और ज्यादा डैमेज से बचाने के



लिए शरीर को कैलोरी, विटामिन, प्रोटीन और मिनरल्स के सही संतुलन की जरूरत होती है। ज्यादा सोडियम से हाई ब्लड प्रेशर, टखनों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, दिल और फेफड़ों में लिक्विड का निर्माण हो सकता है। ऐसे में बहुत ज्यादा नमक खाने से बचना चाहिए।

**डायलिसिस रोगियों क्या खा सकते हैं :** डायलिसिस पेशेंट के लिए डायट अलग-अलग होती है और ये डैमेज की सीमा पर निर्भर करता है। डायलिसिस पेशेंट को सोडियम, पोटेशियम और फास्फोरस युक्त खाने की चीजों से बचना चाहिए। डायलिसिस पेशेंट फूलगोभी, ब्लूबेरी, अनानास खा सकते हैं।

### किडनी पेशेंट के लिए डायट


**ब्रेकफास्ट :** किडनी पेशेंट अपने नाश्ते में दो अंडों का सफेद हिस्सा, चावल की एक इडली धनिया चटनी के साथ, सांभर, चाय ले सकते हैं।

**लंच :** दाल, दो रोटी, सब्जी, सलाद खा सकते हैं।

**स्नैक्स :** आप इडली, सूप, एक छोटा उत्तपम खा सकते हैं।

**डिनर :** पुलाव, स्टिर फ्राइड सब्जियां, खा सकते हैं।

कर्मों के तराजू पर खुद को तोलने वाला हर मानव सफलता के सिंहासन पर आसीन होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान में बारिश ने तोड़ा 49 साल का रिकॉर्ड

## धौलपुर में मकान ढहने से 2 बच्चों की मौत; भरतपुर-सवाई माधोपुर में नदियां उफान पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में इस मानसून सीजन में बारिश ने 49 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस बार राजस्थान में अब तक 664 एमएम बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 61 प्रतिशत ज्यादा है। इससे पहले साल 1975 में मानसून सीजन में 665 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई थी। उधर, पूर्वी राजस्थान के अधिकतर जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बने हुए हैं। भरतपुर में स्कूलों में 4 दिन छुट्टी कर दी गई है। धौलपुर में भी अगले आदेश तक स्कूल बंद रहेंगे। जिले में बारिश और जगह-जगह पानी भरने से कोई जनहानि न हो, इसको देखते हुए प्रशासन ने सभी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों, शोभायात्रा, जुलूस, मेला आदि के आयोजन पर रोक लगा दी है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार रोक अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में 3-4 दिन मानसून सक्रिय रहने और मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

### सवाई माधोपुर के कई इलाकों में जलभराव

सवाई माधोपुर में मूसलाधार बरसात से कई इलाकों में जलभराव हो गया। गुरुवार सुबह पुराने बस स्टैंड के पास बरसाती नाले की पुलिया टूटने से 4 लोग बह गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने सिविल डिफेंस की टीम की मदद से बाहर निकाला। वहीं पुलिया के दूसरी तरफ करीब 15 लोग फंस गए।

### धौलपुर में पिछले 40 घंटों से लगातार बारिश

धौलपुर जिले में पिछले 40 घंटे से लगातार बारिश का दौर जारी है। जिले में पिछले 24 घंटे में साढ़े पांच इंच (141.88) से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। पार्वती बांध के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश होने के कारण डैम के 16 गेट 3 फीट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। उर्मिला सागर तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते प्रशासन ने धौलपुर-करौली हाईवे को काटकर डांग क्षेत्र में पानी निकाला। धौलपुर में आंगई डैम से भी लगातार पानी की निकासी हो रही है। पार्वती नदी और चंबल में जलस्तर बढ़ने के कारण नजदीकी गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। धौलपुर के सैंपऊ में जलभराव के कारण एक मकान ढह गया। मलबे में दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई।

### बारैठा बांध के 5 गेट खोले

भरतपुर में मूसलाधार बारिश से सुजान गंगा नहर ओवरफ्लो हो गई और नहर का पानी शहर में आने से कई जगह जलभराव हो गया। बारैठा बांध में लगातार हो रही पानी की आवक को देखते हुए 5 गेटों को खोला गया है। इसमें 4 गेटों को 9-9 फीट और 1 गेट को 4 फीट खोला गया है। बारैठा बांध से छोड़ा गया पानी कंजौली, खातीपुरा गांव में घुस गया।



### धौलपुर जिले में शोभायात्रा, जुलूस, मेलों के आयोजन पर रोक

धौलपुर जिले में लगातार हो रही बारिश और जगह-जगह पानी भरने से कोई जनहानि न हो, इसको देखते हुए प्रशासन ने सभी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों, शोभायात्रा, जुलूस, मेला आदि के आयोजन पर रोक लगा दी है। जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेशों के अनुसार रोक अग्रिम आदेशों तक जारी रहेगी।

### मकान के मलबे में दबने से 4 घायल, 2 बच्चों की मौत

धौलपुर के सैंपऊ थाना क्षेत्र के गोगली गांव में जलभराव की वजह से एक मकान गिर गया। मकान के गिरने से उसमें मौजूद दो मासूम की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### धौलपुर के राजाखेड़ा में घरों में घुसा पानी

धौलपुर जिले के राजाखेड़ा में 3 दिन से बारिश का दौर लगातार जारी है। 24 घंटे में अब तक 237 एमएम बारिश दर्ज की गई है। तेज बारिश के कारण कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। घरों में बारिश का पानी घुस गया है। लोग मोटर लगाकर बारिश का पानी खाली करने में लगे हुए हैं। वहीं बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर बने हुए हैं। मौसम विभाग ने धौलपुर जिले में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन द्वारा आज से आगामी आदेश तक जिले के समस्त राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया।

### भरतपुर में स्कूलों की लगातार 4 दिन छुट्टी

भरतपुर जिले में लगातार तेज बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर अमित यादव ने जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी में 12 व 14 सितंबर का अवकाश घोषित किया है। 13 सितंबर को बाबा रामदेव जयंती की पहले से ही छुट्टी है। 15 सितंबर को रविवार का अवकाश है। इस तरह भरतपुर जिले की स्कूलों व आंगनबाड़ी में लगातार 4 दिन की छुट्टी रहेगी।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत आज राजस्थान के 5 दिवसीय प्रवास पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत राजस्थान के पांच दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को अलवर पहुंचेंगे। जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्रसिंह मग्गो ने गुरुवार को बताया कि डॉ. भागवत 13 से 17 सितंबर तक राजस्थान के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में सम्मिलित होंगे और दायित्ववान कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। 15 सिंतबर को प्रात: इंदिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। 17 सितंबर को अलवर से पावटा जाएंगे, जहां महामृत्युंजय महायज्ञ में सम्मिलित होंगे। इसी दिन शाम को पावटा से प्रस्थान करेंगे। प्रांत संघचालक ने बताया कि कार्यकर्ताओं के प्रबोधन की दृष्टि से सरसंघचालक का देशभर में प्रवास होता है। इसी क्रम में उनका जयपुर प्रांत का प्रवास है। वर्ष 2025 में संघ के शताब्दी वर्ष में संघ कार्य के विस्तार एवं समाज परिवर्तन के कार्यों को गति प्रदान करने जैसे विषयों पर भी वे चर्चा करेंगे।

## हवाई टैक्सी से यात्रा जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी : पीएम मोदी

नई दिल्ली। बढ़ता राजस्थान



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश को उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए तैयार कर रही है, इसलिए एयर टैक्सी में सफर जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। प्रधानमंत्री नई दिल्ली के भारत मंडपम में दूसरे एशिया प्रशांत नागरिक विमानन मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित यह विश्वास व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने वर्टिपोर्ट्स के इनोवेशन का उल्लेख करते हुए कहा, यह हवाई परिवहन का एक ऐसा मॉडल है जो शहरों में यात्रा को आसान बना रहा है। हम भारत को उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए तैयार कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब हवाई-टैक्सी से यात्रा करना एक वास्तविकता बन जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के टॉप नागरिक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में से एक मजबूत पिलर बना हुआ है। हमारे यहां नागरिक उड्डयन सेक्टर की ग्रोथ अभूतपूर्व है। 10 साल में भारत में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई है। एक तरफ हम छोटे शहरों में एयरपोर्ट बना रहे हैं, दूसरी तरफ बड़े शहरों के एयरपोर्ट को और आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विमानन क्षेत्र में आज उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इससे नागरिकों के लिए यात्रा आसान हो रही है और कनेक्टिविटी भी बढ़ रही है।

## पिता ने गला काटकर 12 साल की बेटी को मारा, हत्या के बाद ट्रक के आगे कूदा

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़।** पिता ने चाकू से 12 साल की बेटी का गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की। मामला कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बर्डोद में गुरुवार सुबह 7 बजे का है। बच्ची पिता और दादी के साथ रहती थी। बहरोड़ सदर थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया- सुबह 10.30 बजे सूचना मिली कि बहरोड़ से 7 किलोमीटर दूर बर्डोद गांव में नरेंद्र जाट (33) ने बेटी विनीता (12) की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद नरेंद्र ने घर के सामने ही ट्रक के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। ट्रक की स्पीड धीमे होने से वह बच गया। उसके सिर में हल्की चोट आई है। पुलिस एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची।

# दतिया में 400 साल पुरानी दीवार गिरी, 7 की मौत

## 5 मृतक एक ही परिवार के, दो रिश्तेदार; करीब 7 घंटे चला रेस्क्यू

दतिया।बढ़ता राजस्थान



दतिया में राजगढ़ किले के नीचे के हिस्से वाली 4 सौ साल पुरानी दीवार ढहने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के 5 सदस्य शामिल हैं। बाकी दो लोग परिवार के मुखिया की बहन और बहनोई हैं। मलबे में 9 लोग दबे थे। पड़ोसियों ने 2 को सुरक्षित निकाल लिया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े 3 बजे तेज आवाज आई। लोग बाहर निकले तो देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर हॉस्पिटल भेजा गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर करीब साढ़े 5 बजे कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे। हादसे के करीब 9 घंटे और करीब 7 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से 7 शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

**रेस्क्यू में लापरवाही के आरोप :** लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब 8 बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। पुलिस ने उन्हें शांत करवाया।

**हादसे में इनकी गई जान :** हादसे में निरंजन वंशकार, उनकी पत्नी ममता, बेटी राधा, दो बेटे सूरज और शिवम समेत निरंजन की बहन प्रभा और बहनोई किशन पिता पन्ना लाल की मौत हो गई। किशन ग्वालियर का रहने वाला था और करीब 15 साल पहले ससुराल में ही बस गया था।

**दो घायल अस्पताल में भर्ती :** हादसे में निरंजन के दूसरे बहनोई मुन्ना पिता खित्ते वंशकार और उनका बेटा आकाश घायल हुए हैं। दोनों के सिर और पैरों में चोट है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कोर्ट ने राईका और बेटा-बेटी समेत 9 को जेल भेजा

## आरपीएससी मेंबर्स की मिलीभगत से लीक हुआ था एसआई पेपर, कटारा 3 दिन की रिमांड पर चल रहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले 9 आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। पूछताछ के बाद गुरुवार को एसओजी ने पिता, बेटा-बेटी समेत 9 को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद कोर्ट ने आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राइका, ट्रेनी एसआई देवेश राईका, शोभा राईका, मंजू, अविनाश, ब्रिजेन्द्र के अलावा रितु शर्मा, अनिल, अर्जुन को जेल भेजा है। आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राइका को एसओजी ने 10 दिन की रिमांड पर लिया था। वहीं, उसके बेटे ट्रेनी एसआई देवेश राईका को 9 और बेटी शोभा राईका को 9 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य रहे बाबूलाल कटारा को एसओजी कल तीन दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर कोर्ट में पेश करेगी।

**1 सितंबर को गिरफ्तार हुआ था राईका :** सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका को 1 सितंबर रविवार रात गिरफ्तार किया गया था। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने राईका से 5 घंटे पूछताछ की थी।

# 'आई4सी' देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ : अमित शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'आई4सी' के पहले स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, 'बीते 9 वर्षों में विचार से इनिशिएटिव और इनिशिएटिव से इंस्टिट्यूशन में बदल चुका 'आई4सी' आज देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस मौके पर शाह ने 'आई4सी' के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स - सस्पेक्ट रजिस्ट्री, साइबर कमांडो, साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर और को-ऑर्डिनेशन प्लेटफार्म - का शुभारंभ भी किया, जो साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साल 2015 में सेफ साइबर स्पेस अभियान के तहत 'आई4सी' की स्थापना हुई थी। साल 2019 में गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह की अगुआई में 'आई4सी' साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सर्वविदित है कि टेक्नोलॉजी इस दुनिया के लिए वरदान है तो अभिशाप भी है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से आज देश ही नहीं दुनिया भर में कई खतरे पैदा हो रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी है। ग्लोबल विलेज के इस दौर में यह भी तय है कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही रास्ते पर आगे बढ़ें। क्योंकि, राज्यों या देशों की अपनी सीमा है लेकिन इंटरनेट और टेक्नोलॉजी पर आधारित साइबर अपराध या साइबर अपराधियों की कोई सीमा नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और साइबर सेफ भारत के लिए प्रतिबद्ध अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से 'आई4सी' एक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है। क्योंकि, जब तक ठगी के शिकार हुए पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता। यही कारण है कि, साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आई4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है।

एक आँकड़े के अनुसार, 31 मार्च, 2014 तक देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 25 करोड़ थी, जो 31 मार्च, 2024 तक बढ़कर 95 करोड़ हो गई है। डिजिटल इंडिया पहल के कारण जहाँ 35 करोड़ जन-धन खाते और 36 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जैसी सर्विसेज आसान हुई है, वहीं साल 2024 में 20 लाख 64 हजार करोड़ रुपये का PI लेन-देन भी संभव हो पाया है। साल 2014 में देश की मात्र 600 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी थीं, आज 2,13,000 पंचायत जुड़ी हैं। यह स्वाभाविक है कि जब डिजिटल अकाउंट और डिजिटल ट्रांजेक्शन बढ़ते हैं, तो डिजिटल फ्रॉड से सुरक्षा की ज़रूरत भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। आज देश ही नहीं पूरी दुनिया के सामने साइबर अपराधियों द्वारा व्यक्तिगत डेटा की बिक्री, ऑनलाइन उत्पीड़न, महिला और बाल शोषण, फर्जी समाचार और टूल किट, मिस इनफॉरमेशन कैंपेन जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं। मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की नीतियों के तहत 'आई4सी' साइबर अपराध की तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। 'आई4सी' ने 600 से अधिक एडवाइजरी जारी की हैं, साइबर अपराधियों द्वारा संचालित कई प्रकार की वेबसाइट्स, सोशल मीडिया पेज, मोबाइल एप्स और अकाउंट्स को ब्लॉक किया है। मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी में सात ज्वाइंट साइबर को-आर्डिनेशन टीम्स गठित की गई हैं। लेकिन जैसा कि अमित शाह भी मानते हैं कि कोई अकेला इससे नहीं निपट सकता, बल्कि सभी स्टेकहोल्डर्स और देश की जनता को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी।

भारतीय राजनीति के चाणक्य और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत भारत आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, और नशा के खिलाफ अंतिम चरण की लड़ाई लड़ रहा है। ऐसे में अब यह मान लेना चाहिए कि शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारत साइबर अपराध से मुक्त होगा।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com